53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.0 °c अधिकतम 25.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:53, सूर्यास्त - 5:20 | वर्ष : 53/ अंक : 328 | शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

जिंदगी में जो चाहो, हासिल कर लो, बस इतना ख्याल रखना कि आपकी मंजिल का रास्ता कभी लोगों के दिलों को तोड़ता हुआ न गुजरे।

देश को अपमानित कर रही राहुल गांधी की टीम, विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स से रची जा रही साजिश : संबित पात्रा



इस निकृष्ट काम पर धन भी खूब बहाया जा रहा होगा ?....

# बाल-बाल बचे एसपी सिटी, भाकियू का झण्डा लगी कार ने गुण्डागर्दी की हदें की पार

**मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)।** कुछ संगठनों के कार्यकर्ता लगातार संगठनों को लगातार दागदार ही करते देखे जाते हैं। दरअसल जब कुछ लोगों का समूह ताकतवर हो जाता है तो वह उस ताकत को गुण्डागर्दी में बदलने की कोशिश करता है। ऐसी ही एक गुण्डागर्दी का लाइव बुलेटिन के कैमरे में तब कैद हुआ, जब शिवचौक पर एसपी सिटी के निर्देशन में गाड़ियों की चैकिंग की जा रही थी। तभी एसपी सिटी के काफिले ने एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या-यूपी 20 सीक्यू 8880 को रोकने का इशारा किया। कुछ क्षणों के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी रुकी मगर रुकने के साथ ही चालक ने पुलिसकर्मियों को साइड मारते हुए तेजी से स्कॉर्पियो दौड़ा दी। एसपी सिटी के काफिले ने हाथोंहाथ उक्त गाड़ी का पीछा किया और लाइव करते हुए बुलेटिन टीम भी काफिले के पीछे-पीछे दौड़ पड़ी। कुछ दूरी पर ही पुलिस को गाड़ी पकड़ने में सफलता मिल गयी। गाड़ी में तीन युवक सवार थे। पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की और उन्हें शहर कोतवाली लाया गया उसके बाद उनके साथ क्या हुआ इस बात का वर्णन नहीं किया जा सकता। क्योंकि चंद मिनटों बाद ही एसपी सिटी द्वारा एक वीडियो मीडिया को दी गयी, जिसमें तीनों युवक अपनी टांगों से चल नहीं पा रहे थे। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत का बताना है कि कल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी। फिलहाल तीनों युवक संदिग्ध दिखाई पड़ रहे हैं और गाड़ी के अंदर से शराब की बोतलों के अलावा और भी सामान मिलने की चर्चा जोरों पर है।

## चंद मिनटों में पकड़े गए आरोपी, शहर कोतवाली में जमकर की गयी खातिर तवज्जो







## चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत का झण्डा लगी गाड़ी पर अब क्या सफाई देंगे राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू के कार्यकर्ताओं के नाम पर अपनी गाड़ी, दुपहिया वाहनों में झण्डे लगाकर चलने वाले वाहन स्वर्गीय महेन्द्र सिंह टिकैत के नाम के भी झण्डे खूब गाड़ रहे हैं। कभी कोई मंच से गर्दन काटने की बात करता है तो कोई एसपी सिटी के काफिले को ही साइड मारकर भागने का प्रयास करता है। पहले भी ऐसे कई मामले हो चुके हैं और जब उक्त मामले में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से सवाल किये जाते हैं तो वे ऐसे लोगों को अपना कार्यकर्ता मानने से ही इंकार कर देते हैं। मगर हैरानी की बात यह है कि यदि इस बार भी राकेश टिकैत ऐसा ही करते हैं तो स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत के फोटो छपे झण्डे लगाकर चलने वाले आखिर ये झण्डे किसके घर से ला रहे हैं। उक्त घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं और इन सब सवालों के जवाब शायद चौ. राकेश टिकैत को देने ही होंगे, क्योंकि इस तरह से तो कोई भी पुलिस के साथ वो भी एसपी सिटी के साथ कोई भी घटना घटित कर जा सकता है।

# पटाखा बुलेट चलाना बंद करो भाई, दस हजार की शामत आई

- दहशत फैलाने वाली 9 पटाखा बाइकें हुई सीज, 116 का किया चालान
- शहर में चार बुलेट बाइकें सीज व दस-दस हजार जुर्माना, दो का चालान

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** शहर समेत जिले में मुख्य मार्गों से लेकर गली मुहल्लों तक पटाखे की आवाज निकालकर आतंक फैलाने वाली बुलेट बाइकों को लेकर आखिर एक बार फिर पुलिस सक्रिय हुई है। इसके चलते गुरूवार को मॉडिफाइड साइलेंसर के साथ पटाखे छोड़ने वाली नौ बुलेट मोटरसाइकिल सीज की गई। इसके अलावा मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 116 वाहनों का चालान किया गया है। शहर में थाना सिविल लाइन पुलिस ने चैकिंग अभियान में मॉडिफाइड साइलेंसर वाली तीन बुलेट बाइकों को सीज किया है। वहीं पुलिस ने दो अन्य बाइकों का चालान किया है। नगर कोतवाली में पटाखे छुड़ाते वीडियो वायरल होने के बाद एक बुलेट बाइक सीज की गई है।



शहर में मॉडीफाइड साइलेंसर लगी बुलेट बाइकों से पटाखों की तेज आवाज निकलती है। यह आवाज इतनी तेज होती है कि आसपास जाने वाले लोग भी दहशत में आ जाते है। शहर में ऐसे युवक दबंगई दिखाने के लिए इस तरह की बाइकों का प्रयोग करते हैं। कई बार किसी विरोधी के परिवार को परेशान करने के लिए उसके घर के बाहर बार-बार चक्कर लगाकर इस तरह के हालात पैदा किए जाते हैं कि गली में दहशत फैल जाए। आम तौर पर इस तरह की गुंडई देखकर सामान्य नागरिक खामोश हो जाते हैं। इन पर कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती क्योंकि ऐसे तत्व थोड़ी देर में अपना काम करके निकल लेते हैं और इसके बाद पुलिस को सूचित करने का भी कोई लाभ नहीं होता। ज्यादातर ऐसे दबंग पुलिस को देखकर पटाखे नहीं बजाते, लेकिन कुछ ऐसे बेखौफ युवा भी होते हैं जो पुलिस के सामने ही इस तरह की हरकतें करते हैं और पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाती।

गत दिनों साकेत में बाइकर्स गैंग का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। ऐसे में गत दिनों इस तरह की कई हरकतें सामने आने के बाद अब पुलिस ऐसे दबंगों को सबक सिखाने में जुटी है। गत दिवस ऐसी मॉडीफाइड साइलेंसर वाली बुलेट बाइक का पुलिस ने सत्रह हजार रुपये का चालान किया था। नगर में मॉडिफाइड साइलेंसर तथा अत्यधिक शोर उत्पन्न करने वाले पटाखेदार साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के

शेष समाचार पृष्ठ-4 पर पढ़ें

## एसआईआर के लिए सपा ने हरेंद्र मलिक समेत 44 नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)।** मतदाता सूची की गड़बड़ियों को दूर करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर के लिए सपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जिलेवार प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी की ओर से 44 राष्ट्रीय पदाधिकारियों को हर जिले में एसआईआर की निगरानी करने और समर्थक मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने की जिम्मेदारी दी गई है। कई नेताओं को दो-दो जिलों का प्रभार दिया गया है। सांसद हरेन्द्र मलिक को मुजफ्फरनगर व सहारनपुर और नीरज पाल को बागपत में एसआईआर के लिए प्रभारी बनाया गया है। सभी नेताओं को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में तत्काल विधानसभावार भ्रमण करते हुए बीएलए की सूची और बूथ प्रभारियों की सूची की समीक्षा कर लें। इसमें इस बात पर विशेष फोकस करें कि एसआईआर के लिए बूथवार कितने प्रपत्र बंट गए हैं, कितने जमा हुए और कितने अपलोड हो गए।

# मुजफ्फरनगर के युवक ने नहाती लड़की की वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

## कई बार किया रेप, जान से मारने की धमकी दी, गिरफ्तार

**यमुनानगर, 27 नवंबर (एजेंसी)।** थाना सदर क्षेत्र में मुजफ्फरनगर के निवासी एक युवक को पड़ोस की एक नाबालिग दलित लड़की की नहाते हुए वीडियो बनाने और फिर ब्लैकमेल कर कई बार रेप करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नाबालिग को जातिसूचक शब्द भी बोला करता था और इस बारे किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान समीर के रूप में हुई है, जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है थाना प्रबंधक अजायब सिंह ने बताया कि 1 नवंबर को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी पिछले काफी समय से गुमसुम सी रहती थी और बहुत ज्यादा डरी-सहमी व बहुत परेशान दिखाई दे रही थी।' उसने बेटी से उसकी परेशानी का कारण पूछा तो वह रोने लगी' बार-बार पूछने पर बेटी ने रोते हुए बताया कि उनके घर के पास किराए के कमरे में रहने वाले समीर ने चुपके से उसकी नहाते हुए की वीडियो बना ली थी और उसके बाद उसने वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया' इसके बाद से समीर ने उसकी बेटी के साथ रेप किया। उसकी बेटी को डरा व धमका कर जब वह घर पर अकेली होती थी तो बार-बार गलत काम करता था। इतना ही नहीं किसी को इस बारे बताने पर जान से मारने की धमकियां देता था और जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करता था। शिकायत पर थाना में पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला उप निरीक्षक मेनका के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए यूपी के जिला मुजफ्फरनगर के गांव पावटी निवासी समीर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## छह जनपदों में बीएसए की नई तैनाती

लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में छह जिलों के बीएसए तैनात किए गए हैं। योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग में बड़ा फेरबदल किया। यूपी सरकार ने देर शाम 6 जिलों में नए बीएसए की तैनाती का आदेश जारी किया। विपिन कुमार को लखनऊ का बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। डॉ0 अजित सिंह-हरदोई, डॉ. नवीन कुमार पाठक-बाराबंकी, अमित कुमार सिंह-इरअ गोण्डा, धीरेंद्र त्रिपाठी- गोरखपुर तथा सुश्री रोशनी-पीलीभीत की बीएसए बनाए गए हैं।

# चरथावल में पटाखा छोड़ने वाली बुलेट सीज

- दधेड़ू चौकी पर 11,000 का चालान, चालक की पहचान हुई

**चरथावल, 27 नवम्बर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र स्थित दधेड़ू पुलिस चौकी पर चैकिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल को सीज किया गया है। यह कार्रवाई पटाखा छोड़कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के आरोप में की गई। वाहन चालक पर रूपये 11,000 का चालान भी लगाया गया। दधेड़ू चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। पकड़े गए बुलेट मोटरसाइकिल सवार की पहचान शादाब पुत्र इसरार, निवासी ग्राम कुटेसरा, थाना चरथावल के रूप में हुई है। चरथावल एसएचओ सत्यनारायण दहिया ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बुलेट मोटरसाइकिल सवारों द्वारा पटाखे छोड़कर शोर मचाने की शिकायतें मिल रही थी। इसी के मद्देनजर चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से बचने की चेतावनी भी दी है।



# ओएलएक्स पर बेचते थे चोरी की बाइकें, दो गिरफ्तार

## नई मंडी पुलिस ने चोरी की चार बाइकें भी की बरामद

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** ओएलएक्स पर भरोसा करने वाले सावधान। यहां कोई पुरानी चीज खरीदना भारी पड़ सकता है। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चोरी के वाहन ऑनलाइन बेचने वाले दो आरोपियों को नई मंडी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से चार चोरी की बाइक, 4 फर्जी आधार कार्ड, अवैध असलाह व 2 फर्जी ई स्टाम्प बरामद किए है। पुलिस के अनुसार नई मंडी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रथेड़ी कट से नसीरपुर जाने वाले रास्ते से दो शातिर वाहन चोर कपिल निवासी अलमासपुर व दीपक निवासी शकुंतला विहार थाना मवाना मेरठ हाल निवासी अलमासपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चार चोरी की बाइक, 4 फर्जी आधार कार्ड, 2 फर्जी ई स्टाम्प, एक तमंचा, एक पेन कार्ड बरामद किए है। बरामद चोरी की दो बाइक भोपा व नई मंडी थाना क्षेत्र से चोरी की गयी थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने एक साथी के साथ मिलकर वाहन चोरी करते थे। चोरी के वाहनों को एक के माध्यम से उसके वास्तविक मालिक का नाम व पता प्राप्त कर फर्जी आधार कार्ड पर उसी नाम पते का प्रयोग करते हुए अपनी फोटो लगा देते हैं तथा वाहनों को ऑनलाइन ओएलएक्स व अन्य वेबसाइट पर डालकर बेच देते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

## छह लाख की स्मैक समेत गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)।** थाना रतनपुरी पुलिस ने एक शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 6 लाख रुपए मूल्य की 30 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त एक सुपर स्पलैण्डर मोटर साइकिल बरामद की है। ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना रतनपुरी पुलिस टीम इंचौड़ा कट के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा चैकिंग हेतु रोका गया। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से 30 ग्राम अवैध स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त एक सुपर स्पलैण्डर मोटर साइकिल नम्बर यूपी 19 एफ 2332 बरामद की गयी। थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मेहरबान पुत्र गुलाब शाह निवासी केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली बताया गया है।



## योगी को ज्ञापन देने जाते किसान नेता हाउस अरेस्ट

**मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कई किसान नेताओं और किसानों को चरथावल क्षेत्र में पुलिस ने उनके आवास पर ही रोक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस उनके घरों पर पहुंची और उनसे बातचीत के बाद उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। उनके आवासों पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

भारतीय किसान यूनियन (किसान) द्वारा गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित था। इस ज्ञापन में गन्ने के मूल्य में हाल ही में हुई 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि और इसके साथ ही परिवहन शुल्क में 3 रुपए की बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर चर्चा की जानी थी। किसान जानना चाहते थे कि क्या यह वृद्धि मिल की दूरी बढ़ने, डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, या गन्ने के वजन में किसी असामान्य वृद्धि के कारण हुई है। इस संदर्भ में, भाकियू किसान के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इसरार त्यागी और मंडल अध्यक्ष सहारनपुर मोहम्मद मुरसलीन सहित कई किसान नेताओं को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट किया गया है। उनके घरों पर पुलिस बल तैनात है और सूचना तंत्र भी अलर्ट पर है।

## आवारा कुत्तों ने तीन मासूमों को नोंचा

**मेरठ, 27 नवंबर (एजेंसी)।** भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि दो दिनों में तीन मासूमों को गंभीर चोटें आई हैं। गुरुवार सुबह तीन वर्षीय अलीशान पुत्र फैजान भी आवारा कुत्तों का शिकार बन गया। वह पास की दुकान पर जा रहा था तभी कुत्तों ने उसके सिर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे भी जिला अस्पताल में उपचार के बाद घर भेज दिया गया।बुधवार दोपहर घर के बाहर खेल रही सादिक (4 वर्ष) और नाजिया (3 वर्ष) खेलते-खेलते ईदगाह के पास पहुंच गईं। तभी वहां मौजूद एक दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों के झुंड ने दोनों बच्चियों को देखते ही हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चियों के चेहरे, सिर और हाथ पर गंभीर रूप से काट लिया। बच्चियों की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर दोनों को बमुश्किल बचाया। परिजनों ने तत्काल बच्चियों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

## तूफान और हम जब भी आते हैं... फाड़ के जाते हैं-रील बनाने पर माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज, 27 नवंबर (एजेंसी)।** माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद (20) पर भड़काऊ रील को लेकर बुधवार देर रात धूमनगंज थाने में केस दर्ज किया गया। एक शादी समारोह में शामिल हुए अबान का एक भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इसमें एक धमकी भरा डायलॉग भी जोड़ा गया। रील के बैकग्राउंड में एक गाना लगाया गया। गाने के बोल हैं- 'सामने वाले को हमसे क्या मिलेगा, ये उसकी औकात बताएगी... हम दिल भी रखते हैं और असलहा भी...हम कुत्तों की तरह पीछे से वार नहीं करते, सामने से फाड़ देते हैं... तूफान और हम जब भी आते हैं, मां कसम... फाड़ के जाते हैं।' धूमनगंज थाने के सब इंस्पेक्टर आदित्य सिंह ने एप्लिकेशन दी। जिसमें लिखा- इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर समाज में दहशत फैलाने की कोशिश की गई। एसीपी धूमनगंज अजयेंद्र यादव ने बताया- इठर की धारा 353 के तहत अबान और उसके साथी हमजा समेत कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ये धारा सार्वजनिक उपद्रव फैलाने वाले बयान से संबंधित है। यह धारा उन लोगों के लिए है, जो जानबूझकर झूठी अफवाहें, बयान या भड़काऊ सामग्री फैलाते हैं, जिससे सार्वजनिक शांति या धार्मिक सौहार्द बिगाड़ सकता है।




# लाखों रुपये के गबन के मामले में फरार आरोपी महिला की तलाश में दिल्ली पुलिस का छापा

## नहीं मिली कोर्ट से भगोड़ा घोषित महिला, बैरंग लौटी पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** लाखों के गबन के मामले में फरार आरोपी महिला की तलाश में दिल्ली पुलिस ने देर रात सरकुलर रोड पर स्थित एक आवास में दबिश दी। बताया गया है कि आरोपी लाखों के गबन के मामले में फरार चल रहा है और दिल्ली की कोर्ट ने आरोपी को भगोड़ा करार दिया है। आरोपी देर रात भी दबिश के दौरान घर पर नहीं मिली। छापा मारने आई दिल्ली पुलिस बैंरग लौट गई। पुलिस का कहना कि सरकुलर रोड पर स्थित मोहल्ला संतोष विहार निवासी प्रमोद कुमार ने खुद को जल निगम बोर्ड में ठेकेदार बताकर दिल्ली के रहने वाले एक परिचित से 58 लाख रुपए उधार लिए थे। उधार की रकम को चार माह में लौटाने का वादा किया था। इसकी एवज में उसने पीड़ित को अपने बैंक खाते का चेक भी दिया था। पैसे वापस न मिलने पर पीड़ित ने चेक को बैंक में लगाया, तो चेक बाउंस हो गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत की तो उसने दस लाख रुपए महीने देने का वादा किया, लेकिन आरोपी ने न तो पैसा लौटाया और न ही कोर्ट में तारीख पर पहुंचा। 21 अप्रैल 2024 को दिल्ली कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट की अवहेलना का आदेश जारी कर दिया। बुधवार देर रात दिल्ली पुलिस ने थाना सिविल लाइन में आमद कराकर आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन आरोपी अपने घर से फरार मिला। पुलिस बैरंग वापस लौट गयी।

## यूपी में बीएसए समेत 450 पदों पर जल्द होगा प्रमोशन

**लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसी)।** बेसिक शिक्षा विभाग में लंबे समय से लंबित प्रमोशन प्रक्रिया अब तेजी से आगे बढ़ रही है। विभाग जल्द ही बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) और उनके समकक्ष कुल 450 पदों पर पदोन्नति करने की तैयारी में है। इसके लिए बेसिक शिक्षा निदेशालय ने विस्तृत सूची तैयार कर ली है। 1999 बैच के 316 खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) की सूची बनाई गई है। इनमें से लगभग 200 अधिकारियों को पदोन्नति मिलने की संभावना है। बचे हुए लगभग 250 पद राजकीय हाईस्कूलों के प्रधानाध्यापकों, इंटर कालेजों के उप-प्रधानाचार्यों और अन्य समकक्ष अधिकारियों को पदोन्नति देकर भरे जाएंगे।

॥ श्रद्धांजलि॥



अश्रु-पूरित नेत्रों से सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री पवन कुमार सिंहल जी**

(सुपुत्र स्व0 श्री ईश्वर दास सिंहल) का स्वर्गवास 17 नवंबर, 2025 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म तेरहवीं आज दिन-शुक्रवार, दिनांक-28 नवम्बर, 2025 को होगी।**

रस्म पगड़ी .................................. दोपहर 2 बजे

स्थानः- आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार:-

श्रीमती अनीता सिंहल (पत्नी)

विनोद सिंहल, प्रवीण सिंहल
पुरूषोत्तम सिंहल
योगेश सिंहल (भगत जी)
मुकेश सिंहल, ब्रजमोहन सिंहल
कोमल सिंहल (भाई)

राहुल-खुशबू सिंहल, विपुल-श्रुति सिंहल,
विभोर-चारू सिंहल (पुत्र-पुत्रवधू)
आकांक्षा-सिद्धार्थ गुप्ता (पुत्री-दामाद)
मिशिका, मायरा, अनायशा, कियारा (पोती)
रियांश, अद्वित, आयंश (पोते)
अगस्त्य, रूद्र (नाती)

प्रतिष्ठानः- लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर

M:. 91-9711780028, 9205923690

# ...जब कौशल महाराज से मिलने आये कौशल राज













## - मर्यादा की रेखा में बने रहना ही प्रत्येक युवती का धर्म
## - सीता जी ने लक्ष्मण रेखा पार की, तो उठाया घोर कष्ट

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि सीताजी ने मर्यादा की रेखा पार की तो घोर कष्ट उठाया। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने त्रेतायुग में जो संस्कार और मर्यादा प्रस्तुत की उसका पालन आज भी सभी को करना चाहिए। सभी युवतियों का मर्यादा की रेखा में रहना उनका धर्म है।

नगर की नई मंडी के रामलीला भवन में कंसल परिवार की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिन संत प्रवर मानस मर्मज्ञ विजय कौशल जी महाराज ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए शूर्पणखा, खर-दूषण वध, सीता हरण, शबरी उद्धार, राम-सुग्रीव मित्रता प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सीताजी ने तीन भूल की, जिसका उन्हें कष्ट मिला। उन्होंने स्वर्ण मृग को देखकर माया से मोहित होकर भगवान श्रीराम से उसे लाने के लिए कहा, तो प्रभु ने भक्त की तरह उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने हठ पकड़ी, यानि भगवान पर भरोसा ही नहीं किया। दूसरी भूल उन्होंने लक्ष्मण जी को कटु वचन बोलकर की, लक्ष्मण जी सदैव उनके हितकारी थे। तीसरी और सबसे बड़ी भूल सीता जी ने लक्ष्मण रेखा को लांघ कर की। संत प्रवर ने कहा कि लक्ष्मण रेखा स्त्री की मर्यादा है, सदाचरण की रेखा है। प्रत्येक युवती को मर्यादा और सदाचरण की सीमा में रहकर धर्ममय जीवन यापन करना चाहिए। कथा व्यास ने शबरी की निर्मल और निश्चल भक्ति का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम ने शबरी की कुटिया में पहुंचकर उसके हाथ से उसके झूठे फल खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वहीं भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता में हनुमान जी द्वारा प्रभु को पहचानकर उनके चरणों में गिरने के बाद प्रभु दर्शन के हनुमानजी के आनंद का सुंदर व भावपूर्ण प्रसंग बताया।

कथा के विभिन्न प्रसंगों में संगीतमय भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जम कर झूमे। इस दौरान कथा श्रवण श्रोताओं में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी रहे कौशल राज शर्मा, उत्तराखंड के लैंसडाउन के विधायक दिलीप रावत, उत्तराखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेंद्र अंथ्वाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, संजय शर्मा लखान, आदेश मंगल, नरेश अग्रवाल, रवि कोहली, संदीप कुमार मुकुंद, रवि कपूर, राकेश बंसल, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टिकोला शुगर मिल के एमडी निरंकार स्वरूप, विनय गोयल, हरिशंकर मुंदडा, अमित चौधरी वसुंधरा, देवेंद्र गर्ग एवं अशोक कुमार शामली, नरेश अग्रवाल, अंकुर गुप्ता समेत दिल्ली से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। कथा व्यास विजय कौशल जी महाराज 28 नवंबर शुक्रवार को सुंदरकांड की कथा का वर्णन करेंगे। कंसल परिवार ने सभी रामभक्तों से हनुमान जी की महिमा का गुणगान सुनने के लिए कथा स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

## रामराज में पिकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर

**रामराज, 27 नवम्बर (बु.)।** रामराज क्षेत्र में एक पिकअप वाहन और गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। यह घटना मार्डन इंटर कॉलेज के पास हुई, जिसमें पिकअप चालक मामूली रूप से घायल हो गया। टक्कर उस समय हुई, जब गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली टिकोला शुगर मिल जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पिकअप चालक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। रामराज थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह यादव ने बताया कि यह घटना रात करीब 10 बजे हुई थी।

## जलभराव व टूटी सड़कों को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** पालिका क्षेत्र में सड़कों पर जलभराव और सालों से सड़क निर्माण होने के कारण स्थानीय लोगों में जबरदस्त रोष दिखाई दिया। गुरूवार को इस मुद्दे को लेकर नगरपालिका परिषद के वार्ड 32 मौहल्ला जनकपुरी के क्षेत्रवासी पूर्व सभासद के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने जनकपुरी की खराब सड़कों की दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से सड़क बनवाने की मांग की। गुरूवार को जनकपुरी क्षेत्र के पूर्व पालिका सभासद सलेक चंद ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में पूर्व में पत्र भेजा गया था, जिसकी संस्तुति होकर नगरपालिका में आ गया है लेकिन अभी तक पालिका के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि सड़क पर जलभराव और गंदगी होने की वजह से जहां बच्चों को स्कूल जाने व महिलाओं को मंदिर जाने में बहुत परेशानी हो रही है। डीएम कार्यालय पहुंचे मौहल्ला जनकपुरी वार्ड 32 के क्षेत्रवासी सलेक चंद ने बताया कि वहां पर एक सड़क अर्पित पब्लिक स्कूल से लेकर मदीना चौक वाली सड़क तक, जिस पर पिछले 20 साल से कोई निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जो भी सरकारी कार्य कराए जल निगम की टंकी और गैस पाइपलाइन के इन सभी निर्माण कार्यों की वजह से जो बची सड़क थी वह भी टूट गई है। फिलहाल सारा कीचड़ एवं नालियों का पानी रोड पर भरा है, जिसमें स्कूल के बच्चे आते-जाते गिर जाते हैं। वहीं महिलाएं मंदिर में जाती है तो उनके कपड़े भी गंदे हो जाते हैं। नंगे पैरों गंदे पानी में से निकल कर जाती है। इसकी वजह से क्षेत्र में बहुत बड़ी समस्या है। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## 10 रुपये वाला बिस्कुट वाले शादाब जकाती को मिली जमानत



**मेरठ, 27 नवम्बर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया स्टार शादाब जकाती को गिरफ्तार किए जाने के बाद कोर्ट से जमानत मिल गई है। जकाती ने कोर्ट में पेशी के दौरान कहा कि उसने वीडियो डिलीट कर दिया है और वीडियो में उसकी पत्नी और बेटी है। कोई गलत बात उसने नहीं की है और अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह माफी मांगता है। वायरल वीडियो पर विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने शादाब जकाती को गिरफ्तार कर लिया था। शादाब जकाती पर अपने वीडियो में बच्ची के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था। जकाती पर आरोप था कि उसने अपने आपत्तिजनक वीडियो में बच्ची से अभिनय कराया था। जिस वीडियो को लेकर बवाल मचा था, उसमें शादाब जकाती स्टोर दुकानदार बना था। जकाती के खिलाफ राष्ट्रीय बाल आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई थी। सोशल एक्टिविस्ट राहुल ने पुलिस से शिकायत की थी। इसके बाद इंचोली थाना पुलिस ने शादाब जकाती को गिरफ्तार कर लिया। शादाब जकाती की सोशल मीडिया पर लाखों में फैन फॉलोइंग है। शादाब जकाती तब वायरल हुआ था, जब उसने एक बिस्कुट वाला वीडियो बनाया था। वायरल वीडियो में वह दुकान पर जाकर दुकानदार से पूछता है कि 10 रुपये वाला बिस्कुट कितने का है जी। इसी एक वीडियो ने जकाती को रातों-रात स्टार बना दिया। उसकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई की सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर उसका वीडियो छा गया। इसी वीडियो के जरिए वह दुबई भी चला गया। शादाब जकाती के साथ बड़े-बड़े स्टार ने रील बनाई थी।

## वैदिक पुत्री में मनाया धूमधाम के साथ एनसीसी-डे



**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी में 26 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में एनसीसी-डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा योग, व्यायाम, ड्रिल सहित विभिन्न शारीरिक अनुशासनात्मक गतिविधियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर शशि सिंह रहीं, जिनका स्वागत विद्यालय प्रवक्ता शैली रंजन ने बुके भेंट कर किया। एनसीसी-डे पर संपन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर शशि सिंह ने अपने उद्बोधन में एनसीसी के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने इस बीच ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट की जानकारी देते हुए कैडेट्स को एनसीसी से मिलने वाले अन्य अवसरों के विषय में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर कैप्टन बबीता राणा ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अभ्यास, कठिन परिश्रम एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक स्टाफ, पी आई स्टाफ, एनसीसी अधिकारी एवं सभी कैडेट्स का सराहनीय योगदान रहा। अंत में कैप्टन बबीता राणा ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त अतिथियों, विद्यालय स्टाफ, पी आई स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एसडीएम ने घर-घर जाकर एसआईआर फार्म भरने के लिए जागरूक किया

**मीरापुर, 27 नवम्बर (बु.)।** एसडीएम जानसठ ने नायब तहसीलदार के साथ मीरापुर में घर-घर जाकर एसआईआर फार्म भरने का अभियान चलाया। एसडीएम ने लोगों को एसआईआर फार्म भरने के लिए लोगों को जागरूक किया। गुरुवार को एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने नायब तहसीलदार अजय कुमार को साथ लेकर कस्बे की गली-मौहल्लों में जाकर एक अभियान चलाते हुए लोगों को एसआईआर फार्म भरने के संबंध में जागरूक किया। एसडीएम राजकुमार भारती ने लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया 4 दिसंबर तक पूरी करनी है। उन्होंने लोगों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। इस दौरान एसडीएम ने नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर लेखपालों, सुपरवाइजरों व बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा किया गया आई-कार्ड वितरण





**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** टैक्स बार एसोसिऐशन की ओर से गुरूवार को एक आम सभा का आयोजन जानसठ रोड स्थित गोल्डन ऐरा में किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए के अरोरा को भारत सरकार द्वारा जीएसटी कांउसिल की बैठक में आमन्त्रित किये जाने पर बार संघ द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में टैक्स बार की ओर से एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं के आई-कार्ड का विमोचन टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शलभ कौशिक द्वारा किया गया। इस दौरान बार संघ का पहला आई-कार्ड अध्यक्ष शलभ कौशिक द्वारा बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एन के अरोरा जी को पहनाया गया। एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष बार में 12 नये मेम्बर्स शामिल हुए, जिन सभी को बार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बार द्वारा इस दौरान आई-कार्ड कमेटी के चैयरमेन मुकेश ढींगरा, अंकुर मैनी, कृष्ण कुमार को भी उनके सरहानीय कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## प्लॉट के सामने से बांस के बीड़े काटे, वन विभाग ने ठोका पांच लाख का जुर्माना



**भोपा, 27 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के छछरौली-भोकरहेड़ी मार्ग पर प्लॉटिंग कर रहे मेरठ निवासी व्यक्ति के खिलाफ वन विभाग ने बांस के बीड़े व चार पेड़ काटने पर पांच लाख रुपए का भारी भरकम जुर्माना लगाया है। जनपद मेरठ निवासी व्यक्ति प्रमोद शर्मा मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग पर गैसें गोदाम के पास प्लॉटिंग कर रहा है। वन विभाग के अनुसार सड़क और प्लॉट के बीच वन विभाग के चार पेड़ और बांस का एक बीड़ा खड़ा हुआ था, जिन्हें प्लॉट मालिक ने उखाड़ दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। मामला सही पाए जाने के बाद वन विभाग की तरफ से प्रमोद शर्मा पर पांच लाख रुपए का भारी भरकम जुर्माना लगाया है। वन विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## उपज के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष बने प्रवेश मलिक
### - पत्रकार साथियों ने फूल-मालाएं डालकर किया भव्य स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बुस.)।** उत्तर प्रदेश एसोशिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की बैठक चरण सिंह मार्किट में आहूत की गई। बैठक में मौजूद संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. फल कुमार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह व महामंत्री आनंद कर्ण से विचार-विमर्श के बाद वरिष्ठ पत्रकार प्रवेश मलिक को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी। घोषणा के बाद बैठक में मौजूद पत्रकार साथियों ने प्रवेश मलिक का हार्दिक अभिनंदन करते हुए गले में फूल-मालाएं डालकर अपनी शुभकामनाएं दी। प्रवेश मलिक द्वारा बैठक में मौजूद सभी पत्रकार साथियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उपज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. फल कुमार पँवार द्वारा उन्हें सौपी गई है, वह उस पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद के पत्रकारों को संगठन में ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास करेंगे, वहीं पत्रकार साथियों का किसी तरह से भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी साथियों से एकजुट होकर मजबूती से संगठन के साथ रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर अंकित मित्तल, संदीप रंजन, पंकज बालियान, अरविंद जोहल, धर्मेंद्र कुमार (बिल्लू) गोपी सैनी, वासु प्रजापति, अर्जुन पवार, कुलदीप वर्मा, सलीम सलमानी, हरीश कोठियां, योगेश ठाकुर, यश चौधरी, आशीष शर्मा, तबरेज खान, योगेश त्यागी, विनोद वत्स, विराट मलिक, शिवम जांगिड़, प्रताप सिंह, अमरीश बलियान आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## हजारों लोगों ने नम आंखों से अनस को किया सुपुर्दे खाक



**बुढ़ाना, 27 नवम्बर (बु.)।** आज बृहस्पतिवार की प्रथम रात्रि करीब 2 बजे मोबाइल दुकानदार अनस मलिक का शव दिल्ली से उसके गांव हुसैनपुर कलां में उसके आवास पर लाया गया, तो प्रतीक्षारत परिजनों व सैकड़ों ग्रामीणों की रुलाई फूट पड़ी। आज दोपहर 12 बजे के करीब उसके शव को हजारों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से गांव के कब्रिस्तान में शांतिपूर्ण तरीके से सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान सादी वर्दी में पुलिस बल, इंटेलीजेंस ब्यूरो व एलआईयू भी तैनात रही, जो हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थी। पुलिस ने किसी भी तरह का शोर-शराबा न होने व ग्रामीणों परिजनों द्वारा सहयोग करने पर राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी 23 वर्षीय अनस ने बीते 19 नवम्बर को अपने घर के पास सुबह अपने जिस्म पर पैट्रोल डालकर आग लगा ली थी, जिसे गंभीर हालत में डाक्टरों ने दिल्ली रैफर कर दिया था। उसने आग लगाने का कारण पुलिस द्वारा उसका उत्पीड़न करना बताया था। मगर उसके पिता ने अपने पुत्र की बात का खंडन कर दिया था, जबकि दादा ने पुलिस पर आरोप जड़कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया था। एसएसपी संजय वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल की जांच के बाद 03 पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिये थे। बीती सायं उपचार के दौरान अनस ने दम तोड़ दिया था, जहां आज उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया, तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

## तितावी पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ा, भेजा जेल



**तितावी, 27 नवम्बर (बु.)।** तितावी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त की पहचान सिद्धार्थ तोमर उर्फ बंटी पुत्र अजीत निवासी मखियाली, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। यह कार्रवाई 26 नवंबर, 2025 को की गई। पुलिस ने सिद्धार्थ तोमर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक 32 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खाली खोखा बरामद किया है। बरामदगी शामली रोड की तरफ पड़ने वाले जागाहेड़ी/काजी खेड़ा पुल के आगे हाईवे किनारे एक आम के बाग से हुई। अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0-265/25 धारा 109(1), 351(2), 352, 191(2), 191(3), 190 बीएनएस और 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। यह कार्रवाई एसएसपी के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी फुगाना और थानाध्यक्ष तितावी के कुशल पर्यवेक्षण में की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में व0उ0नि0 अजयपाल सिंह, उ0नि0 अनुभव चौधरी, का0 परवेज और का0 नवीन कुमार शामिल थे। उ0नि0 अनुभव चौधरी इस मामले के विवेचक हैं।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## वन विभाग ने शीशम की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा



**भोपा, 27 नवम्बर (बु.)।** अवैध रूप से पेड़ कटान पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए वन विभाग ने कमर कस ली है। रात में अंधेरा होने का फायदा उठाने वाले लकड़ी माफिया अपनी कोशिश में नाकाम हो रहे हैं। इसी क्रम में वन विभाग ने बुधवार की रात एक ट्रक पर लदी भारी मात्रा में शीशम की लकड़ी को धर दबोचा। वन विभाग ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए विभागीय कार्रवाई की है। वन विभाग की कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। भोपा में अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी की सूचना पर वन विभाग की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। डिप्टी रेंजर दीपक कुमार ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि भोपा में अवैध शीशम की लकड़ी से लदा एक ट्रक खड़ा है। सूचना पर संज्ञान लेते हुए वनरक्षक नंदकिशोर, अमित कुमार, प्रवेश कुमार, कर्मवीर आदि के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए रफी के प्लॉट से अवैध रूप से काटी गई शीशम से भरे ट्रक को कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान आरोपी लकड़ी से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका, जिसके बाद टीम ने पकड़े गये ट्रक को लकड़ी सहित लाकर शुकतीर्थ रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा कर सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार अवैध रूप से काटी गई शीशम से भरे ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### प्रतिबंधित पेड़ों का कटान जारी, योजनाओं को लगाया जा रहा चूना

**भोपा, 27 नवम्बर (बु.)।** सरकार द्वारा भले ही हरे-भरे पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए फरमान जारी किया गया हो, लेकिन भोपा क्षेत्र में लगी कुछ आरा मशीनों पर खुलेआम हरी और प्रतिबंधित लकड़ियों का चिरान किया जा रहा है। क्षेत्र में लगी कुछ आरा मशीनों पर प्रशासन की अनदेखी के चलते हरे-भरे पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से चल रही है। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता हरियाली की दुश्मन बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार दिन में पेड़ काटने के बाद लकड़ी को रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर आरा मशीनों पर आकर बेचा जाता है। मार्गों पर पुलिस की तैनाती के बाद भी ये ट्रालियां आरा मशीनों और आढ़तों तक पहुंचने में कैसे कामयाब हो जाती है, यह भी सोचनीय विषय है। शासन द्वारा वन क्षेत्र बढ़ाने के नाम पर वृक्षारोपण सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही है, किंतु अवैध कटान के चलते इनका कोई भी सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहा है।

## दुकान में घुसकर युवक से बेरहमी से मारपीट



**भोपा, 27 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के कस्बा भोपा में दुकान में घुसकर युवक को दरांती से वार कर घायल कर देने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि दोबारा एक दुकान में घुसकर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी गई। मारपीट में घायल युवक ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कस्बा भोपा निवासी अनुराग ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि वह बढ़ई का काम करने वाले गांव के ही व्यक्ति की दुकान पर काम करता है। बीते बुधवार की शाम वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी कस्बे के ही दो युवक दुकान में घुस आए और आते ही गाली-गलौच कर उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर आकर उसकी जान बचाई। मारपीट से घायल हुए युवक ने दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्रामीण का प्रधान-लेखपाल पर जमीन हड़पने का आरोप
### - 50 साल से खेती कर रहे सुखबीर ने झूठे मुकदमे दर्ज कराने का आरोप लगाया

**तितावी, 27 नवम्बर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के धोलरा गांव में पंचायत भूमि को लेकर एक विवाद सामने आया है। गांव निवासी सुखबीर ने ग्राम प्रधान सुमित कश्यप और लेखपाल मनीष कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुखबीर का दावा है कि उनके परिवार को वर्ष 1975 में पंचायत की जमीन पट्टे पर मिली थी, जिस पर वे पिछले लगभग 50 वर्षों से खेती कर रहे हैं। सुखबीर के अनुसार, ग्राम प्रधान और सचिव ने उन्हें खेती करने से रोक दिया और कहा कि यह जमीन पंचायत की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनसे कथित तौर पर 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। सुखबीर का कहना है कि जब उन्होंने रुपये देने से इन्कार कर दिया, तो ग्राम प्रधान और लेखपाल ने मिलकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद संबंधित जमीन किसी अन्य व्यक्ति को दे दी गई। सुखबीर की मांग है कि यदि यह जमीन वास्तव में पंचायती है, तो इसे किसी को भी नहीं दिया जाना चाहिए; या तो यह खाली रहे या उन्हें वापस दी जाए। इस मामले पर ग्राम प्रधान सुमित कश्यप ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस भूमि पर गौशाला के लिए चारा उत्पादन कराया गया है। प्रधान के अनुसार, उन्होंने मजदूरों को भुगतान करके गौशाला के गोचारे हेतु गेहूं की बुवाई कराई है। उन्होंने सुखबीर के आरोपों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद करार दिया।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज

**जम्मू-कश्मीर का श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज इन दिनों सुर्खियों में है। कारण यह है कि इस साल 42 गैर हिन्दू यानी मुस्लिम छात्रों ने इस कालेज में एडमिशन लिया है। विवाद यह है कि श्री माता वैष्णो देवी के प्रति आस्था न रखने वाले कैसे इस संस्था से लाभ उठा सकते है। दूसरी तरफ गंगा-जमनी तहजीब की बातें भी हो रही हैं। गंगा-जमनी तहजीब की बातें करने वालों से इन मुस्लिम छात्रों के दाखले का विरोध करने वाले सवाल पूछ रहे हैं कि किसी मस्जिद की दुकानों में किसी गैर मुस्लिम को किरायेदार क्यों नहीं रखा जाता, तब गंगा-जमनी तहजीब कहाँ चली जाती है। जैसे मस्जिद की दुकानों में गैर मुस्लिम किरायेदार नहीं रखा जाता, ऐसे ही मन्दिर की ओर से चलने वाली शिक्षण संस्था में गैर हिन्दू को दाखला नहीं मिलना चाहिए। छात्रों के दाखिले का समर्थन करने वाले और विरोध करने वाले अपनी-अपनी दलीलों पर अड़े हुए हैं। छात्रों की लिस्ट जारी होने के बाद कई संगठनों ने आपत्ति जताई कि माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में मुसलमानों को दाखिला नहीं मिलना चाहिए। कई संगठनों ने बीते दिनों विरोध-प्रदर्शन कर मांग की कि ये लिस्ट उन्हें स्वीकार नहीं है। जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी यूनिट ने भी चुने गए छात्रों के दाखिले पर कड़ी आपत्ति जताई है। जम्मू-कश्मीर की सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और अन्य दलों ने हिंदू संगठनों की आपत्ति की निंदा की है। इस यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई इसी साल से शुरू हुई है और शुरू ही में विवाद हो गया। विवाद बीते दिनों तब शुरू हुआ, जब जम्मू-कश्मीर बोर्ड ऑफ प्रोफेशनल एंट्रेंस एग्जामिनेशन ने एमबीबीएस की लिस्ट जारी की। मेडिकल कॉलेज को आवंटित की गईं 50 सीटों में से 42 सीटों पर मुस्लिम छात्र प्रवेश परीक्षा में सफल हुए। अभी तक इन 42 छात्रों में से 36 ने कॉलेज में दाखिला लिया है। कई संगठनों ने कॉलेज में मुसलमान छात्रों के एडमिशन पर आपत्ति जताई और विरोध प्रदर्शन किए। ये संगठन कॉलेज में मुस्लिम छात्रों के दाखिले को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद जम्मू-कश्मीर बीजेपी ने भी खुलकर कॉलेज में इतनी तादाद में मुस्लिम छात्रों के एडमिशन पर आपत्ति जताई और बताया कि कॉलेज में केवल उन छात्रों को दाखिला मिलना चाहिए, जो श्री माता वैष्णो देवी पर विश्वास रखते हैं। एक नेता के नेतृत्व में कई नेता उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मिले और उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद नेताओं ने बताया कि सीनियर विधायकों का हमारा शिष्टमंडल उपराज्यपाल से मिला। हम केवल एक ही बिंदु पर उनसे बात करके आए हैं। वह यह कि माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड में जो इस साल मेडिकल कॉलेज खुला है, इसमें अधिकांश बच्चे एक विशेष समुदाय से आते हैं। यहाँ पूरे देश के लोग चढ़ावा देते हैं। उनका एक ही लक्ष्य होता है कि सनातन धर्म का विस्तार हो और भारतीय संस्कृति का विस्तार हो। यहाँ पर अन्य वर्गों से, अन्य धर्मों और अन्य समुदाय से लोग आएं, मुझे नहीं लगता कि ये श्राइन बोर्ड और उन चंदा देने वालों के लिए अच्छा रहेगा। हमने उपराज्यपाल से निवेदन किया कि यहाँ पर वही बच्चे आएं और उन्हीं बच्चों को यहाँ एडमिशन मिलना चाहिए, जो माता वैष्णो देवी पर श्रद्धा और आस्था रखते हैं। जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रवक्ता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 50 में से जिन 42 छात्रों का मेडिकल कॉलेज की लिस्ट में नाम आया है, वो उस धर्म से आते हैं, जिनकी आस्था वैष्णो देवी में नहीं है। ये एक चिंता का विषय है। आस्था का प्रश्न है। बीजेपी का इस संबंध में ये भी कहना है कि ये लड़ाई लीगल राइट्स और आस्था के बीच की लड़ाई है। उन्होंने ये भी दावा किया कि बीजेपी इस मामले का ऐसा निवारण करेगी कि किसी को नुकसान न पहुँचे। उन्होंने कहा कि जिन मुस्लिम बच्चों को एडमिशन मिला है, उनकी भी चिंता की जाएगी, ताकि उनके अधिकार भी सुरक्षित किए जा सकें। दूसरी ओर विश्व हिन्दू परिषद के जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष ने बताया कि दूसरे धर्म के लोगों के यूनिवर्सिटी में आने से धार्मिक मान्यताओं को ठेस पहुँचती है। उन्होंने कहा, ये कॉलेज माता वैष्णो देवी तीर्थ क्षेत्र ही में स्थित है और माता वैष्णो देवी में जो भक्त आते हैं, उनके दान ही से इसे बनाया गया है और उसके दान से ही वो चलने वाला है। एक तो दानदाताओं की भावना रहती है कि वहाँ पर क्या हो? ऐसी अपेक्षा की जाती है कि माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड या विद्यालय में हिंदू रीति रिवाज का पालन हो। एक अन्य संगठन का कहना है कि हमारा विरोध माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के खिलाफ है न कि किसी खास समुदाय के लिए या बच्चों के लिए। हमारा ये कहना है कि जो भी पैसा श्राइन बोर्ड खर्च करता है, वो पैसा सिर्फ.हिन्दू समाज की बेहतरी के लिए खर्च किया जाए और माता वैष्णो देवी कॉलेज में 100 प्रतिशत आरक्षण केवल हमारे बच्चों को दिया जाए। यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक दर्जा मिले, जिस वक्त मेडिकल कॉलेज खोला गया, उस वक्त श्राइन बोर्ड को होम वर्क करना चाहिए था कि यहाँ किनको एडमिशन देना है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने कहा कि जब माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी का बिल पास किया गया, तो उस बिल में कहाँ लिखा गया था कि एक धर्म के छात्रों को उस यूनिवर्सिटी से बाहर रखा जाएगा। उमर अब्दुल्लाह ने जम्मू में मीडिया के साथ बातचीत में बताया कि माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में मुसलमान छात्रों को एडमिशन से अलग रखना उन उसूलों के खिलाफ है, जिन उसूलों पर कॉलेज बना है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने नीट की परीक्षा पास की है, उनको धर्म के आधार पर दाखिला देने से इनकार नहीं किया सकता। इस सारे विवाद पर कॉलेज प्रशासन का अपना दृष्टिकोण है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि उन्होंने छात्रों को मेरिट के आधार पर दाखिला दिया है, जो कुछ भी राजनीतिक दल कह रहे हैं, वो उनका अपना स्टैंड है। हमें तो अपने नियमों के तहत ही चलना है, हमें तो बच्चों को हिंदू-मुस्लिम होकर पढ़ाना नहीं है, जिन बच्चों का दाखिला हुआ है, वो इत्मीनान से पढ़ रहे हैं। अगर सरकार इस पर कोई फैसला करती है, तो हम उस फैसले पर अमल करेंगे। पूरे भारत में एडमिशन के जो नियम होते हैं, उनका पालन किया गया है। यहाँ हमारा हॉस्पिटल भी चलता है और हर किस्म के लोग यहाँ आते हैं और माता की कृपा से ठीक होकर जाते हैं। अपना इलाज करवाते हैं। ये बैच हमारा पहला बैच है, जिसके लिए हमने नेशनल मेडिकल काउंसिल से अपने कॉलेज के लिए 50 छात्रों की इजाजत ली है। सितंबर के महीने में हमें इजाजत का पत्र मिला। हमारे यहाँ किसी तरह का कोई आरक्षण नहीं है।**

### चार तीर

सुनील उत्सव

'शर्मिंदगी' 'हार' 'लोभ' 'वोट'

है नहीं शर्मिंदगी और न चेहरे पर मलाल,
सीखते बिल्कुल नहीं हैं हार पर वो हार से।
लोभ के सांचे में ढल कर वोट पाने के लिए,
ऐसे गिर जाते हैं नेता अपने ही मैयार से।

# जिला अस्पताल में हड़ताल से ओपीडी व ओटी प्रभावित

## - वेतन भुगतान न होने से आहत सफाईकर्मियों ने की हड़ताल - समस्या निदान के आश्वासन पर दोपहर बाद लौटे कर्मी

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** गुरूवार में जिला अस्पताल में उस वक्त अव्यवस्थाएं फैल गई, जब ओपीडी के लिए पहुंचे चिकित्सक और स्टाफ गंदगी के ढेर चहुंओर देखकर अचम्भित हो गए। इस बीच सभी सीएमएस के कमरे में बैठ गए, जिस कारण जिला अस्पताल में समय रहते ओपीडी शुरू नहीं हो सकी। बाद में सफाई के लिए वार्ड ब्वाय बने सफाई कर्मियों को काम पर लगाया गया। सीएमएस डॉ. संजय वर्मा ने इस समस्या के समाधान के लिए जिला अस्पताल के उन नियमित सफाई कर्मियों की सूची मंगाई, जो किसी न किसी के प्रभाव में अपने मूल कार्य को छोड़कर वार्ड ब्वाय, टेलर आदि पदों पर जमे बैठ कर सफाई से बच रहे थे। कर्मचारियों की हड़ताल के बीच सीएमएस डॉ. संजय वर्मा ने सभी कर्मियों





को इस काम पर लगाकर जिला अस्पताल की पूरी तरह से सफाई कराई। इसके बाद धीरे-धीरे सफाई व्यवस्था फिर से शुरू हो गई। इस बीच उक्त समस्या के चलते जिला अस्पताल में सुबह ओपीडी दो घंटे बाद शुरू हुई। वहीं आपरेशन थियेटर के बाहर की गंदगी ढेर लगे होने से दोपहर 12 बजे बाद आपरेशन शुरू हो पाए, जिससे मरीजों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। उधर इस सम्बन्ध में सीएमएस डॉ. संजय वर्मा ने बताया कि कार्यदायी संस्था से वेतन नहीं मिलने पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी थी, लेकिन इस समस्या निदान को नियमित कर्मचारियों को लगा कर सफाई कराई गई। बाद में आउटसोर्स कर्मियों की समस्या को भी समाधान कराया गया है।

# एसआईआर में भागीदारी हर नागरिक की जिम्मेदारी: मीनाक्षी

## – मतदाता सूची प्रगाढ़ पुनरीक्षण को कृष्णापुरी में किया प्रेरित

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जारी एसआईआर अभियान में पालिका चेयरपर्सन सक्रिय रूप से मतदाताओं को जागरूक करने में जुटी हैं। इसी क्रम में पालिका चेयरपर्सन नगरीय क्षेत्र में पोलिंग बूथों, सार्वजनिक स्थानों और वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविरों का दौरा कर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान कर रही हैं। गुरूवार को शहर के मौहल्ला कृष्णापुरी वार्ड-25 में भाजपा के सभासद राजीव शर्मा के नेतृत्व में हरगोपाल कश्यप अधिवक्ता के आवास पर एसआईआर गणना प्रपत्र जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और गणना प्रपत्र भरकर सहभागिता दर्ज कराई। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कैंप में पहुंचकर लोगों को इस अभियान के महत्व और जरुरत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उक्त मतदाता सूची का अद्यतन



प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, क्योंकि सही मतदाता सूची ही लोकतंत्र की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोगी है, आपका एक-एक सही वोट देश की दिशा तय करने की क्षमता रखता है। मैं सभी से आग्रह करती हूँ कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है, या उसमें त्रुटि है, तो तुरंत एसआईआर प्रपत्र भरें। इस दौरान उन्होंने मौजूद बीएलओ, भाजपा बीएलए और सहयोगी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें जनता की सहायता के लिए तत्पर रहने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा हनुमत मंडल के अध्यक्ष दीपक मित्तल, बूथ अध्यक्ष दीपचंद अग्रवाल, मास्टर भूपेन्द्र कुमार, रामभूल सिंह, सोनू कुमार, वार्ड सभासद मनोज वर्मा, मास्टर जय करण आदि मौजूद रहे।

# चलती कार बनी आग का गोला, युवक गंभीर रूप से झुलसा





**भोपा, 27 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र में देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। परिजन युवक को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसका उपचार किया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी सद्दाम की शादी थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर में हुई है। बुधवार की देर रात सद्दाम अपनी पत्नी को उसके मायके किशनपुर छोड़कर अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह किशनपुर मोड़ पर यूसुफपुर तिस्सा मार्ग पर पहुंचा, तभी उसकी कार के बोनट से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद सद्दाम ने कार को रोक दिया ओर बाहर निकलकर बोनट खोला, तभी अचानक कार से आग का गोला निकला और सद्दाम आग की लपटों की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आग बढ़ती देख वह पीछे की और भागा और मामले की सूचना पत्नी के परिजनों और फायर ब्रिगेड को दी। इतनी ही देर में देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। सूचना पर सद्दाम के ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# एसआईआर में सुधरे हालात, 40 फीसद फार्म हुए अपलोड

## - 21.12 लाख मतदाताओं की पहचान को बीएलओ सक्रिय - जिले में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र किए वितरित

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से यूपी समेत 12 राज्यों में मतदाता सूची अद्यतन के लिए शुरू एसआईआर अभियान की निर्धारित समय-सीमा का अंतिम चरण नजदीक आने के बावजूद गणना प्रपत्रों के जमा होने की गति अपेक्षा अनुरूप नहीं दिख रही है। अभियान के लिए मात्र छह दिन शेष बचे हैं, जबकि अभी लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। प्रशासनिक अमले से लेकर मैदान स्तर पर तैनात बीएलओ और बीएलए तक सभी को अब तेजी से काम पूरा करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए डीएम-जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी से इस अभियान की सफलता के लिए सहभागिता की अपील की है। निर्वाचन आयोग की देखरेख में बीते 4 नवंबर से उत्तर प्रदेश में मतदाता सूचियों को अद्यतन के लिए एसआईआर अभियान शुरू हुआ है। इसके तहत जनपद की सभी छह विधानसभा सीटों पर वर्तमान में मौजूद 21.12 लाख से अधिक मतदाताओं की पहचान के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए और उन्हें जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर तय है। इसके बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण आगामी प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इस कार्य में राजनीतिक दलों के बीएलए भी मैदान में उतारे गये हैं, लेकिन इसके बावजूद गणना प्रपत्र भरने और जमा करने की प्रगति कछुए की चाल चलती दिख रही है। गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्रा ने विकास भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए एसआईआर अभियान को शत-प्रतिशत रूप से सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा। जिला प्रशासन के अनुसार जनपद में वर्तमान में हो रहे एसआईआर में 21,12,586 मतदाताओं को शामिल किया गया है, जिनमें से अभी तक करीब 40 प्रतिशत मतदाताओं के एसआईआर गणना प्रपत्र ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं, जबकि



करीब 10 फीसद गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा हो चुके हैं। प्रशासन का दावा है कि अभी 50 प्रतिशत गणना प्रपत्र एकत्र किए जा चुके हैं। अभियान में मात्र 6 दिन ही शेष हैं और ऐसे में प्रशासन के समक्ष 50 प्रतिशत बाकी रह चुके एसआईआर गणना प्रपत्र भरवाकर प्राप्त करने व अपलोड करने की चुनौती बनी है। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एसडीएम बुढ़ाना न्यायिक/ सहायक निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कांत समेत अन्य अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर में भाजपा आगे, सपा-बसपा पिछड़े, कांग्रेस शून्य

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** जनपद में एसआईआर अभियान को लेकर प्रशासनिक अधिकारी राजनीतिक सुस्ती से परेशान है। बिहार में वोट चोरी के आरोपों और परिणाम के बाद विपक्ष ने एसआईआर को बड़ा कारण बताया। इसके बाद भी एसआईआर को लेकर जिले में राजनीतिक सक्रियता, सतर्कता व सहभागिता सुस्त चल रही है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग ने अपने बीएलओ बनाये तो राजनीतिक दलों को भी प्रत्येक पोलिंग बूथ पर एक एक बीएलए तैनात करने की व्यवस्था दी। एसआईआर में बीएलओ के साथ इन दलों के बीएलए की भूमिका मानी जा रही है, लेकिन बीएलओ तो जैसे-तैसे अपना काम कर रहे है। बीएलए बनाने में राजनीतिक दलों में लापरवाही सामने आई है। प्रशासनिक आंकड़ों में 17 नवंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की वीसी में प्रशासन ने विधान सभावार बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति के जो आंकड़े पेश किये हैं, वो राजनीतिक उदासीनता को साबित कर रहे हैं। मुजफ्फरनगर की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 1982 पोलिंग बूथों पर इतने बीएलओ व बीएलए तैनात हैं, इनमें भाजपा, सपा और बसपा ने ही अपने अपने 5600 बीएलए तैनात किए हैं। भाजपा ने सभी 1982 बूथों पर बीएलए लगाए हैं, जबकि सपा ने 1642 और बसपा ने 1976 बीएलए तैनात किये हैं। इसके अलावा रालोद, कांग्रेस, आप, आसपा, एआईएमआईएम सहित अन्य किसी राजनीतिक दल द्वारा जिला प्रशासन को अपने बीएलए नियुक्ति की सूची उपलब्ध नहीं कराई है, प्रशासन के आंकड़ों में इनका योगदान शून्य है।

# आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बुस.)।** इनरव्हील क्लब इरा मुजफ्फरनगर द्वारा मूक-बधिर एवं मन्दबुद्धि आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षिकाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का सुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। आयोजकों द्वारा सीनियर सिटीजन शिक्षिकाओं सहित अन्य महिला कर्मचारियों को गर्म कार्डिगन के साथ फल भेंट कर सम्मानित किया। क्लब की सचिव सन्तोष भीम द्वारा क्लब के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा




इस स्कूल में समय-समय पर सहयोग कार्य करते रहने का आश्वासन दिया। क्लब द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान की शिक्षिका मीना, जीवनी, शर्मिष्ठा, रीना, शारदा, शिवानी, अन्य स्टाफ में सोनिया, सुमन, सरिता एवं सोनी तथा वरिष्ठ नागरिक के रूप में प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा, लेखाकार पवन सिंहल को सम्मानित किया गया। आशादीप के प्रभारी उपमंत्री नरेश कुमार गुप्ता एवं रामबीर सिंह सदस्य कार्यकारिणी द्वारा क्लब की सदस्याओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया। आयोजन के अंत में एन.के. गुप्ता तथा रामबीर सिंह द्वारा उपस्थित समस्त सम्मानितजनो का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ओमपाल (OMPAL) से बदलकर ओमपाल कश्यप (OMPAL KASHYAP) कर लिया है। भविष्य में मुझे ओमपाल कश्यप (OMPAL KASHYAP) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

ओमपाल कश्यप
151, देहचन्द, पोस्ट ऑफिस- कुटेसरा
मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) 251001

सौरासिस

32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज

- एलर्जी
- सफेद दाग
- पित्ती उछलना
- खाज खुजली

डा० जगदीश गर्ग

163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल)
महावीर चौक रोड, मुज़फ़्फ़रनगर



★ जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★ नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★ वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।

मिलने का समयः केवल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक

Mob.: 9410064040 रविवार अवकाश

# परासौली के बूथ नंबर 40 में एसआईआर का कार्य हुआ पूर्ण

**बुढ़ाना, 27 नवम्बर (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव परासौली की बूथ संख्या-40 में एसआईआर फार्म भरने का कार्य आज बृहस्पतिवार के दिन बीएलओ के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेहनती बीएलओ को जुमे की नमाज के बाद सम्मानित करने की घोषणा भी कर दी। इस संबंध में गांव परासौली के समाजसेवी बाबू अंसारी ने मीडिया को बतलाया कि पूरे देश में एसआईआर कार्य के चलते उनके परासौली गांव की बूथ संख्या-40 की बीएलओ और हमारी टीम के मेहनती सदस्य आसिफ राणा, साजिद अंसारी मास्टर और सभी साथियों की मेहनत से आज हमारे बूथ का एक सौ प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इसके लिए हम सभी बूथवासी शुक्रवार को मेहनती बीएलओ को सम्मानित करेंगे।

# आवारा पशुओं के हमले में भैंस की मौत

**चरथावल, 27 नवम्बर (बु.)।** चरथावल क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से एक किसान को भारी नुकसान हुआ है। सिकंदरपुर निवासी मनवर हसन की भैंस को आवारा पशुओं ने टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना तब हुई, जब किसान अपनी भैंस को न्यामू गांव ले जा रहा था। मनवर हसन अपनी भैंस को न्यामू गांव ले जा रहे थे, तभी सिकंदरपुर और न्यामू के रास्ते के बीच आवारा पशुओं के झुंड ने भैंस पर हमला कर दिया। पशुओं ने भैंस को कई बार टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किसान ने बड़ी मुश्किल से भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना की सूचना भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) नेता विकास शर्मा ने आला अधिकारियों को दूरभाष पर दी। विकास शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसान को उसकी भैंस का उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक पर चिंता व्यक्त की, जिससे किसानों की फसलें और पशुधन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू नेता ने प्रशासन से जल्द से जल्द इन आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो भारतीय किसान यूनियन इन आवारा पशुओं को पकड़कर मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में इकट्ठा करेगी।



# वेतन न मिलने से नाराज शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया

**मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)।** वेतन न मिलने से नाराज शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। इसके चलते शिक्षण कार्य ठप रहा।

रोहाना स्थित अमृत इंटर कॉलेज के शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनका वेतन नहीं मिलता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। रोहाना इलाके में स्थित अमृत इंटर में कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं को पिछले दो माह से वेतन न मिलने के कारण कालेज का कार्य बहिष्कार कर सभी शिक्षक धरने पर बैठ गये। उन्होंने मांग की कि जब तक उनका वेतन नहीं मिलता तब तक धरना प्रदर्शन अनिश्चित कालीन जारी रहेगा।



# मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने गुरूवार को डीएम कार्यालय पर पहुंच विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौंपे ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के लिए बने कानून को जारी रखने की मांग उठाई। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने केन्द्र की मोदी सरकार से अपील की कि उनके प्रोफेशन में फिक्स्ड टर्म इंप्लॉयमेंट पर नियुक्ति किए जाने की अनुमति न दी जाए। इस दौरान डीएम कार्यालय पर मुख्य रूप से अमरीश कुमार शर्मा, देवेंद्र शर्मा, नीटू कुमार, जैवित सैनी, अश्वनी शर्मा, दीपक शर्मा, अक्षय कुमार, रमन कोहली समेत अन्य मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव उपस्थित रहे।

# राज्य सूचना आयुक्त के व्हाट्सएप को हैक कर मुजफ्फरनगर में भेजे संदेश

## - परिचित और रिश्तेदारों से मांगे 48-48 हजार रुपये

**बिजनौर, 27 नवंबर (एजेंसी)।** बृहस्पतिवार को साइबर ठगों ने राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह का व्हाट्सएप हैक कर लिया। जिसके जरिए लोगों को संदेश भेजकर रकम की डिमांड की गई। हालांकि पैसा भेजने का मेसेज मिलते ही लोग सतर्क हो गए। कुछ ही देर में राज्य सूचना आयुक्त ने फेसबुक के जरिए लोगों को सचेत कर दिया। राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह के नाम से उनके व्हाट्सएप की प्रोफाइल फोटो के साथ हैकर्स ने कई लोगों से ठगी का प्रयास किया। मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, सहारनपुर, नजीबाबाद, बिजनौर, नगीना सहित उनके व्हाट्सएप से संबंधित लोगों से अचानक पैसों की जरूरत पड़ने की बात कहकर धनराशि मांगी गई। मैसेज में यूपीआई काम नहीं करने और पैसों की अचानक जरूरत पड़ने की बात कही। जिले के कई लोगों से 48-48 हजार रुपये की धनराशि मांगी गई। कुछ लोगों ने उक्त मेसेज के जवाब में परेशानी के बारे में भी मालूम किया। उधर, राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए मोबाइल हैक होने और किसी बहकावे में आकर ठगों को धनराशि नहीं भेजने की सूचना जारी की, जिससे उनके परिचित लोग ठगी का शिकार होने से बच गए।



# माता-पिता संग स्कूटी से जा रहे 12 साल के बच्चे को हाथी ने सूंड से खींचा, पटककर मार डाला

**देहरादून, 27 नवम्बर (एजेंसी)।** थानों वन रेंज में कोठारी मोहल्ला जौलीग्रांट निवासी एक छठवीं के छात्र को हाथी ने पटक कर मार डाला। माता पिता ने किसी तरह अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, घटना शाम करीब 4:15 के आसपास की बताई जा रही है। जब कमल थापा और उनकी पत्नी नीलम देहरादून से अपने पुत्र कुणाल थापा (12) को स्कूटी में बीच में बैठकर कालू सिद्ध मंदिर की तरफ आ रहे थे। कालू सिद्ध मंदिर से कुछ दूर पीछे थानो वन रेंज के जंगल में हाथी ने स्कूटी से बीच में बैठे छठवीं कक्षा के छात्र कुणाल थापा को सूंड से नीचे खींचकर पटक कर मार डाला। पति-पत्नी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हाथी इसके बाद भी वही खड़ा रहा। जिसके बाद छात्र के पिता कमल थापा ने आग जलाकर किसी तरह हाथी को भगाया। वह अपने पुत्र को लेकर किसी तरह जौलीग्रांट अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने कुणाल थापा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलती ही काफी लोग जौलीग्रांट अस्पताल पहुंचे। घटना से माता-पिता और आस-पड़ोस के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# सांवलिया सेठ के चढ़ावे में आए 51 करोड़, रिकॉर्ड टूटा, 1 किलो से ज्यादा सोना, 207 किलो से ज्यादा चांदी दान की

**चित्तौड़गढ, 27 नवंबर (एजेंसी)।** चित्तौड़गढ़ (मेवाड़) के कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी सेठ मंदिर को दान में मिली राशि ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। गुरुवार को हुए छठे और आखिरी राउंड में गिनती पूरी हुई। इसी के साथ सभी राउंड के नकद चढ़ावे, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के रुपए जोड़कर कुल 51 करोड़ 27 लाख 30 हजार 112 रुपए चढ़ावा आया। मंदिर इतिहास में यह पहली बार है, जब भंडार ने 51 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। इस बार न सिर्फ नकद बल्कि ऑनलाइन माध्यमों से भी भक्तों ने बड़ी श्रद्धा दिखाई। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से कुल 10 करोड़ 52 लाख 89 हजार 569 रुपए मिले। यह पैसा पिछले सालों की तुलना में काफी ज्यादा है। नकद गिनती के साथ-साथ गुरुवार को सोना-चांदी का तौल भी किया गया। इसमें कुल 207 किलो 793 ग्राम चांदी और कुल 1204 ग्राम 04 मिलीग्राम सोना प्राप्त हुआ। इसमें भंडार से 86.200 किलो चांदी, भेंट कक्ष से 121.593 किलो चांदी, भंडार से 985 ग्राम सोना, भेंट कक्ष से 219 ग्राम 400 मिलीग्राम सोना मिला।



निःशुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 नवम्बर 2025, दिन शुक्रवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक निःशुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धंसना जैसे रोगों का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे बवासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

निः शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच | ऑपरेशन पर भारी छूट | निःशुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय
28 नवम्बर 2025, शुक्रवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## पूर्व एमएलसी के मेडिकल कॉलेज में ईडी का छापा

मेरठ, 27 नवंबर (एजेंसी)। मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर गांव लालपुर स्थित एनसीआर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में गुरुवार दोपहर को ईडी की टीम ने छापा मारा। टीम के पहुंचते ही कॉलेज प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस तक में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही खरखौदा पुलिस और सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह भी संस्थान पहुंचे। पूरे परिसर को सुरक्षा घेराबंदी में ले लिया गया। ईडी अधिकारी किसी भी मीडिया प्रतिनिधि को कॉलेज परिसर के पास तक नहीं आने दे रहे थे। बताया गया कि करीब तीन महीने पहले भी ईडी ने इसी संस्थान और डॉक्टर सरोजनी अग्रवाल के आवास पर छापेमारी की थी। उस कार्रवाई के बाद से ही संस्थान की गतिविधियों पर एजेंसियों की नजर बनी हुई थी। छापेमारी किस मामले से जुड़ी है, इस संबंध में ईडी ने अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## यूपी में फाजिलनगर का नाम बदलकर होगा पावा नगरी

लखनऊ, 27 नवम्बर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ऐतिहासिक स्थल को पुनर्स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि कुशीनगर जिले के फाजिलनगर का नाम बदलकर पावा नगरी किया जाएगा। यह निर्णय भगवान महावीर के जीवन से जुड़े इस स्थान के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान महावीर का जन्म भले ही बिहार के वैशाली में हुआ था, लेकिन उनका महापरिनिर्वाण स्थल उत्तर प्रदेश के फाजिलनगर, जिसे प्राचीन ग्रंथों में पावागढ़ के रूप में वर्णित किया गया है, में स्थित है। इतिहास और जैन परंपरा में इसका अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होने के बावजूद आधुनिक समय में यह नाम अपनी पहचान खोता जा रहा था। इसी कारण सरकार ने इस ऐतिहासिक स्थान को उसकी प्राचीन विरासत से जोड़ने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि इससे न केवल जैन समुदाय की आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि फाजिलनगर अब प्रस्तावित पावा नगरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। नाम बदलने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है। जल्द ही सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी।

## दिल्ली में उबर ड्राइवर पर महिला से हाथापाई का आरोप लगाया

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। दिल्ली में एक महिला ने उबर राइड के दौरान ड्राइवर पर हाथापाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के समय न तो कंपनी की सेफ्टी टीम और न ही पुलिस हेल्पलाइन ने उनकी कोई मदद की। पीड़िता भारती चतुर्वेदी एक एनजीओ फाउंडर और पर्यावरण एक्टिविस्ट हैं। उनके मुताबिक यह घटना बुधवार दोपहर उस वक्त हुई, जब वह वसंत विहार से सर्वोदय एन्क्लेव डॉक्टर के पास जा रही थीं। घटना के बाद महिला ने सोशल मीडिया पर अपनी आप बीती साझा की। भारती ने बताया कि रास्ते में उबर ड्राइवर अचानक गाड़ी गलत दिशा में ले गया। जब उन्होंने गाड़ी रोकने को कहा, तो ड्राइवर ने मानने से इनकार कर दिया। इसी दौरान उसने पीछे मुड़कर उनका हाथ पकड़कर मरोड़ दिया, जिससे उन्हें चोट आई।

## क्रिकेट सट्टेबाजी से कमाया हर मुनाफा अपराध, दिल्ली हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़ी 6 याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि नेटवर्क अपराध पर खड़ा था। इसलिए इससे कमाया हर मुनाफा अपराध है। दरअसल, क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े मुकेश कुमार, उमेश चौटालिया, नरेश बंसल, घनश्याम भाई पटेल और अन्य ने याचिका लगाई थी। कहा था- ईडी के जारी अस्थायी अटैचमेंट और नोटिस रद्द किए जाएं। क्रिकेट सट्टेबाजी पीएमएलए में अपराध नहीं है। उनकी संपत्ति गैर-कानूनी आय नहीं मान सकते। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा- दलीलें खारिज की जाती हैं। रैकेट की बुनियाद अपराध पर टिकी थी। डिजिटल फर्जीवाड़े, फर्जी केवाईसी, हवाला चेन और बिना दस्तावेज वाले सुपर मास्टर लॉगिन आईडी मुख्य अपराध की बुनियाद हैं। यह सब जहरीले पेड़ की तरह हैं, जब पेड़ जहरीला हो तो फल कैसे वैध हो सकता है। हालांकि, कोर्ट ने सट्टेबाजी को जहरीला पेड़ नहीं कहा।

## उत्तर प्रदेश में 21 बीएलओ पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ, 27 नवम्बर (एजेंसी)। यूपी में एसआईआर ड्यूटी में लगे 4 कर्मचारियों की अब तक मौत हो चुकी है। फतेहपुर के लेखपाल और गोंडा के टीचर ने सुसाइड किया, जबकि लखनऊ में शिक्षामित्र की ब्रेन हैमरेज से और बरेली में बीएलओ की हार्टअटैक से मौत हुई। नोएडा की दो महिला टीचरों ने काम के दबाव में इस्तीफा दे दिया। इस बीच गाजियाबाद में बीएलओ ड्यूटी में लगे 21 कर्मचारियों पर जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराई है। काम में लापरवाही के चलते शहर के सिहानीगेट थाने में दर्ज एफआईआर में 4 शिक्षक भी शामिल हैं।

## जयपुर के नमकीन भंडार में भीषण आग, जेसीबी से तोड़ा शटर

जयपुर, 27 नवम्बर (एजेंसी)। जयपुर के सोडाला थाना क्षेत्र में अजमेर रोड स्थित बीकानेरी रसगुल्ला, नमकीन भंडार में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसने पास के एक मैरिज गार्डन को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे दोनों स्थानों पर भारी नुकसान हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

# एक्यूआई रेड से ऑरेंज में, ठंड का प्रकोप बरकरार

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। हवाओं के रुख में बदलाव के बाद आज नगर में प्रदूषण की स्थिति से थोड़ी राहत मिली और एक्यूआई एक्यूआई 266 पर आ गया। करीब एक सप्ताह बाद यह रेड जोन से निकल कर ऑरेंज जोन में आया है। हालांकि अभी भी यह खराब स्थिति में है। दूसरी और ठंड का प्रकोप बरकरार है और आज तापमान अधिकतम 25.4 व न्यूनतम 8.0 डिग्री पर रहा। नगर में प्रदूषण की स्थिति को लेकर एक सप्ताह से अधिक समय से गंभीर स्थिति बनी हुई है। ऐसे में आठ दिन से एक्यूआई रेड जोन में 300 से ऊपर चल रहा था। एक दो बार तो यह चार सौ के करीब भी दर्ज हुआ। ऐसे में पीएम 10 और पीएम 2.5 की हवा में मौजूदगी के चलते सांसों पर संकट बना हुआ है। इसके अलावा तमाम तरह की दूसरी मुश्किलें लोग झेल रहे हैं। आज स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ और एक्यूआई 266 पर आने के साथ ऑरेंज जोन में पहुंच गया। हालांकि यह स्थिति भी प्रदूषण के लिहाज से बहुत अच्छी नहीं है। अभी भी यह खराब स्थिति में है। दूसरी तरफ मौसम में ठंड का असर कायम है। तापमान में अधिक बदलाव नहीं आया और अधिकतम 25.4 व न्यूनतम 8.0 डिग्री पर रहा।

## पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे नाले में गिरी कार, दूल्हे के तीन भाइयों की मौत

जौनपुर, 27 नवंबर (एजेंसी)। केराकत-जौनपुर मार्ग पर मुफ्तीगंज बाजार के पूर्वी छोर पर बुधवार की देर रात तेज रफ्तार टाटा सफारी कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे नाले में गिर गई। हादसे में दूल्हे के तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। वाराणसी निवासी हताहतों में दो सगे भाई हैं। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी नसेंद्र सोनकर ने दो भांजियों बबिता का विवाह वाराणसी कैंट थाना क्षेत्र के चंदुआ सट्टी निवासी संदीप सोनकर व रेनू का जामनगर (गुजरात) के नरेश सोनकर के साथ तय किया था। नरेश सोनकर की बरात आ चुकी थी, जबकि संदीप सोनकर की बरात की प्रतीक्षा की जा रही थी। बरात में शामिल सफारी कार में संदीप सोनकर के पांच चचेरे भाई 46 वर्षीय राजू सोनकर, 45 वर्षीय बबलू सोनकर, 35 वर्षीय श्याम लाल सोनकर, प्रकाश सोनकर व मंगल सोनकर सवार थे। रात करीब 10.30 बजे कार बेकाबू होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे नाले में गिर गई। दो सगे भाइयों बबलू सोनकर, श्याम लाल सोनकर व राजू सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई। सगे भाई प्रकाश व मंगल सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय अन्य वाहनों में सवार दूल्हा संदीप सोनकर और अन्य बराती लगभग पांच किलोमीटर आगे सेवई नाला पहुंच चुकी थी।

## एसपी ग्रामीण ने चलाया चैकिंग अभियान

मुजफ्फरनगर, 27 नवंबर (बु.)। यातायात माह के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर आदित्य बंसल द्वारा थानाक्षेत्र भोपा स्थित गंग नहर पटरी मार्ग पर स्वयं उपस्थित रहकर सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले, ओवरलोडिंग व स्टंट ड्राइविंग, तेज गति, मोबाइल का उपयोग एवं लापरवाह ड्राइविंग करने वाले, मानक विहीन व त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट, ध्वनि प्रदूषण व प्रेशर हॉर्न, हूटर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा सभी वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी साथ ही ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-आई को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों आईआईटी पासआउट हैं और आईएसआरओ के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं।

# कैसे करें काम, एक्शन लेते ही आ जाती है सिफारिश, फिर कहां से मिलेगा जवाब?

**40 से 45 दूध की डेयरियों पर कार्रवाई की चल रही है तैयारी**

मुजफ्फरनगर, 27 नवम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर में नगरपालिका की ओर से उन डेयरियों पर कार्रवाई की फिर से तैयारी है, जिनकी शिकायतें विभाग के पास आई हुई हैं। आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि डेयरियों पर कार्रवाई हो रही है। पहले भी 200 डेयरियां चिह्नित की गई थी, परंतु इसके बारे में बस इतनी ही जानकारी है कि इनमें से कुछ को जुर्माना किया गया, लेकिन ज्यादातर को चेतावनी देकर छोड़ना पड़ा।

### इन धाराओं के तहत होती है कार्रवाई

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि अधिकारी किन नियमों और किन धाराओं के तहत कार्रवाई करते हैं। सबसे पहली धारा होती है 255, जिसके तहत सरकारी जमीन पर अवैध पशु बांधते हैं, तो इस धारा के तहत कार्रवाई होती है।

- इसके बाद आती है धारा-272 जिसके तहत सरकारी जगह पर कूड़ा करकट फेंकना भी इस एक्ट का उल्लंघन होता है।
- धारा-274 जिसके तहत नालियों में मल या फिर गोबर बहाना भी एक अपराध है। इसके लिये आप पर धारा 274 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।
- इसके बाद धारा-276 आती है, जिसके तहत सरकारी नाली पर अवैध रूप से कब्जा करने पर कार्रवाई की जाती है।
- धारा-265 के तहत अतिक्रमण करने या सरकारी जमीन पर रेत ईंटे डालने पर कार्रवाई की जाती है। इसके अतिरिक्त किसी के खाली प्लॉट पर आप अवैध रूप से कूड़ा करकट डालने के मामले में धारा-267 से तहत कार्रवाई की जाती है।

इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि ज्यादातर डेयरी वालों को सभासद सदस्य या फिर नेताओं की सिफारिश के बाद छोड़ना पड़ा था। अब ऐसे में अधिकारी करें तो क्या कार्रवाई करें। अभी भी आपको बता दें कि 45 उन डेयरियों को चिह्नित किया गया है, जिनकी शिकायतें हैं कि वह आये दिन गोबर को नालियों में बहाते हैं और आस-पास भी गंदगी फैलाकर रखते हैं। इन 45 डेयरियों पर कार्रवाई की पूरी तरह से तैयारी हो चुकी है। लगभग 1 से 2 दिनों में इनको नोटिस भी जारी कर दिया जाएगा। अब ऐसे





में प्रोटोकॉल देखा जाए तो साफ है कि पहले स्तर पर नोटिस का जवाब मांगा जाता है और अगर जवाब सही ना हो तो आगे उस पर प्रथम स्तर का जुर्माना, जोकि 5000 रुपये निर्धारित है, लगाया जाता है। अगर कोई जुर्माना की गयी राशि 5000 या नोटिस का जवाब भी नहीं देता है, तो उस पर कोर्ट की कार्रवाई अमल में लाई जाती है। अब ऐसे में सवाल यह है कि आखिर जिन लोगों की शिकायत आती है, तो उन पर कार्रवाई की तैयारी तो हो जाती है, लेकिन जैसे ही मामला आगे बढ़ता है सिफारिशों की झड़ी सी लग जाती है। नेता लोग अधिकारियों से कहते हैं कि मेरे वोट बैंक को कुछ हुआ, तो देख लेना। अब आप ही बताईये कि अधिकारी कार्रवाई करें तो कैसे?

## शेख हसीना के बेटे-बेटी को भी मिली 5 साल की जेल

ढाका, 27 नवम्बर (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक और मामले में 21 साल की जेल की सजा सुनाई गई। अदालत ने यह फैसला ढाका के पुर्बाचल प्लॉट घोटाले में दर्ज तीन मामलों में सुनाया है। अब बांग्लादेशी अदालत ने उनके परिवार को भी सजा सुनाई है। शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद और बेटी साइमा वाजेद को पांच-पांच साल की जेल हुई है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक इस मामले में बाकी 20 आरोपियों में से 19 को अलग-अलग सजा सुनाई गई। वहीं इन्हीं मामलों में से एक शख्स को बरी भी कर दिया गया है। ढाका की स्पेशल जज कोर्ट-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने कोर्ट रूम में शेख हसीना की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया है। बता दें कि इससे पहले बांग्लादेश क्राइम ट्रिब्यूनल ने उन्हें 5 में से 3 मामलों में दोषी करार दिया और एक मामले में मौत की सजा तो दूसरे में उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए 17 नवंबर को यह फैसला दिया था।

# 50 लाख बीमा राशि के लिए शव की जगह प्लास्टिक के पुतले का अंतिम संस्कार

हापुड़, 27 नवंबर (एजेंसी)। गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट में गुरूवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब अंतिम संस्कार के लिए लाये गये शव की जगह प्लास्टिक का पुतला निकला। दाह संस्कार की तैयारी पूरी हो चुकी थी, तभी शक होने पर घाट पर मौजूद पंडित और अन्य लोगों ने कफन उठाकर देखा तो पुतला निकला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, तो कार के अंदर दो और डमी मिलीं। पुलिस ने मौके से दो लोगों हिरासत में ले लिया है। हापुड़ पुलिस के अनुसार, दिल्ली के रहने वाले कपड़ा कारोबारी कमल सोमानी और आशीष खुराना गुरुवार को प्रयागराज निवासी अंसुल का शव कार में अंतिम संस्कार के लिए ब्रजघाट पहुंचे थे, जब अंतिम संस्कार के लिए बॉडी को गाड़ी से बाहर निकाला तो पुतला था। पुलिस ने जब दोनों से पुतले के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि शव उन्हें एक निजी अस्पताल के स्टाफ ने सील कर-के दिया था, लेकिन यहां देखा तो पुतला था। पुलिस दोनों लोगों से कड़ाई से पूछताछ की




तो चौंकाने वाला खुलासा किया। कमल सोमानी ने बताया कि उसके ऊपर 50 लाख का कर्जा है, जिसको लेकर वह काफी दिनों से परेशान है। कर्ज चुकाने के लिये योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत उसके कपड़े के दुकान पर काम करने वाले नीरज से अंशुल का आधारकार्ड व पैनकार्ड किसी काम के बहाने ले लिये थे। जिनका उपयोग करके अंशुल के नाम से एक वर्ष पूर्व टाटा एआई का इंश्योरेंस करवाया था। जिसकी किस्त में नियमित तौर पर भर रहा था। इसी योजना के तहत अंशुल का पुतला लेकर श्मशान घाट ब्रजघाट अंतिम संस्कार के लिये आया था, जिससे अंतिम संस्कार के बाद अंशुल का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर इंश्योरेंस का लाभ ले सकूं, जिसके बाद पुलिस ने कमल के मोबाइल से अंशुल से वीडियो कॉल पर बातचीत की। अंशुल ने बताया कि वह कुछ दिनों से अपने स्थायी निवास प्रयागराज में है और पूरी तरह सुरक्षित है। गढ़ सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि बीमा राशि के लालच में डमी का अंतिम संस्कार करने आए दिल्ली के दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अंशुल नाम का व्यक्ति जिंदा है। आरोपी कमल ने 50 लाख का इंश्योरेंस लेने के लिए ये साजिश रची थी। पुलिस कमल सहित दो आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# संपत्ति के लिए बेटों ने मिलकर मां-बाप को मार डाला

श्रावस्ती, 27 नवंबर (एजेंसी)। श्रावस्ती में ग्राम पंचायत खांवा पोखर निवासी पूर्व प्रधान मोहम्मद रोशन खां व उनकी पत्नी वसीला की हत्या उनके ही सगे बेटों ने की थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने घटना का खुलासा कर हत्या में शामिल उनके तीनों बेटों व हत्या का षड्यंत्र रचने वाले अधिवक्ताओं को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। दंपती की हत्या कारण उनके पास मौजूद आकूत संपत्ति बनी। तीनों ने पहले गला दबाया, इसके बाद गुस्से से लाश को घूरते रहे। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि मृतक मोहम्मद रोशन खां के नाम करोड़ों की संपत्ति और इकौना कस्बे में तीन दुकानें थी। ग्राम पंचायत मझऊवा सुमाल के मजरा पतेढ़ा निवासी अधिवक्ता प्रभाकर त्रिपाठी उर्फ रिंकू त्रिपाठी ने वसीला को अपने पक्ष में करके रोशन खां की दुकानों को अपने नाम दानपत्र करवा लिया। साथ ही उसी दिन दुकानों का अपने नाम फर्जी बैनामा करवा लिया। उसने बैनामे में 10 लाख रुपए का चेक देना दिखाया, लेकिन वसीला ने अपने खाते में रुपये नहीं लिए क्योंकि दुकान का रेट बहुत सस्ता लिखा गया था। वसीला ने अपना बैंक खाता भी होल्ड करवा लिया ताकि अधिवक्ता रिंकू त्रिपाठी किसी माध्यम से उसके खाते में रुपये न भेज सके। वसीला ने दीवानी न्यायालय श्रावस्ती बैनामा कैंसिलेशन का वाद दायर कर दिया, जो न्यायालय में जारी है। यही नहीं वसीला ने दुकान का गलत बैनामा करवाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए तहरीर भी दी। अधिवक्ता रिंकू त्रिपाठी ने इस बीच फर्जी तरीके से कम दाम में बैनामा की हुई दुकान मे से एक दुकान को 70- 80 लाख रुपए में बेच दिया। खुद को मुकदमें में फंसता देख अधिवक्ता रिंकू त्रिपाठी रोशन खां के पहली पत्नी के बेटों नसीब व हसीब और वसीला के पहले पति के बड़े बेटे मुजीब को प्रलोभन देकर अपने साथ मिला लिया और रोशन खां व वसीला के हत्या की साजिश रच डाली। एसपी ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ के दौरान नसीब, मुसीब व हसीब ने बताया कि वो लोग अधिवक्ता प्रभाकर त्रिपाठी उर्फ रिंकू त्रिपाठी के बहकावे में आकर पिता को बिना बताये संपत्ति को कम दाम में बेंचने, फर्जी बैनामा होने व जांच के दौरान मुकदमे में फंसने से डरे हुए थे। इसी के चलते तीनों ने सोते समय बांस के डंडे से अपने पिता मोहम्मद रोशन खां व मां वसीला की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद कर लिया है।

# दिल्ली ब्लास्ट: मुजम्मिल बोला- डॉ.शाहीन गर्लफ्रेंड नहीं, बीवी है, अल फलाह के पास मस्जिद में निकाह हुआ

**महिला आतंकी ने जैश के लिए 28 रुपए का चंदा लाख जुटाया था**

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। दिल्ली कार ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल अहमद गनई ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की पूछताछ में दावा किया है कि डॉ. शाहीन सईद उसकी गर्लफ्रेंड नहीं, बल्कि बीवी है। अब तक माना जा रहा था कि आतंकी मॉड्यूल में मैडम सर्जन के नाम से मशहूर डॉ. शाहीन मुजम्मिल की प्रेमिका है। मुजम्मिल ने सितंबर 2023 में फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी के पास एक मस्जिद में शाहीन से निकाह किया था। शरिया कानून के तहत निकाह के लिए 5-6 हजार के मेहर पर सहमति बनी थी। सूत्रों के अनुसार, डॉ. शाहीन ने जैश मॉड्यूल को हथियार और विस्फोटक जुटाने के लिए 27-28 लाख दिए थे। उसने 2023 में मुजम्मिल को हथियार खरीदने के लिए लगभग ₹6.5 लाख और उमर को 2024 में फोर्ड इकोस्पोर्ट कार खरीदने के लिए ₹3 लाख उधार देने की



पेशकश की थी। एनआईए जांच में पता चला है कि मुजम्मिल ने फरीदाबाद के फतेहपुर तगा और धौज के अलावा अल फलाह से करीब 4' दूर खोरी जमालपुर गांव में भी तीन बेडरूम का एक घर किराए पर लिया था। मकान मालिक पूर्व सरपंच जुम्मा ने बताया कि मुजम्मिल ने कश्मीरी फलों का व्यापार करने के नाम पर उनसे घर लिया था। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सरपंच जुम्मा की जमालपुर गांव में सड़क किनारे प्लास्टिक रॉ मटेरियल की एक फैक्ट्री है। इसके ऊपर तीन बेडरूम, हॉल, किचन बना है। डॉ. मुजम्मिल ने अप्रैल 2025 से जुलाई 2025 तक पूर्व सरपंच का मकान 8 हजार रुपए प्रति महीने के हिसाब से किराए पर लिया था। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. मुजम्मिल ने पूर्व सरपंच से कहा था कि वह कश्मीर से फल मंगाकर यहां के बाजार में बेचेगा। इसके लिए उसे ज्यादा जगह की जरूरत है। पूर्व सरपंच ने बताया कि जब मुजम्मिल ने किराए पर मकान लिया, तब उसके साथ डॉ. शाहीन सईद भी आई थी। उसने शाहीन को अपने परिवार की सदस्य बताया था। मुजम्मिल करीब तीन महीने उस मकान में रहा। इस दौरा, वह शाहीन को कई बार अपने साथ लेकर आया था। हालांकि, जुलाई में उसने यह कह कर कमरा खाली कर दिया कि यहां पर गर्मी ज्यादा है। मुजम्मिल मकान में रखा गद्दा, कूलर और चादर भी अपने साथ ले गया था।

## कार-पिकअप की टक्कर में चार लोगों की मौत

संभल, 27 नवम्बर (एजेंसी)। संभल जिले के हयातनगर रसूलपुर धतरा में कार और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया, वहीं ऑल्टो के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम और राहत दल मौके पर पहुंच गया। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। जहां कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। इससे आमने-सामने की टक्कर बेहद खतरनाक साबित हुई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।

## धर्मेंद्र के निधन के बाद हेमा मालिनी की भावुक पोस्ट, कहा-वो मेरे लिए सब कुछ थे, ये खालीपन जिंदगीभर साथ रहेगा

मुंबई, 27 नवम्बर (एजेंसी)। धर्मेंद्र के निधन के 3 दिन बाद हेमा मालिनी ने उनके लिए कई भावुक पोस्ट शेयर की हैं। उन्होंने कहा है कि धर्मेंद्र उनके लिए सब कुछ थे और उनके जाने से जो खालीपन पैदा हुआ, वो जिंदगीभर रहेगा। हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के साथ तस्वीर शेयर कर भावुक होकर लिखा- धर्म जी। वो मेरे लिए बहुत कुछ थे, एक प्यार करने वाले पति, हमारी दो बेटियों ईशा और अहाना के स्नेही पिता, एक मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, जरूरत के हर समय मेरे गो-टू इंसान। सच कहूं तो, वे मेरे लिए सब कुछ थे। अच्छे और बुरे हर दौर में वे हमेशा मेरे साथ रहे। उन्होंने अपने सहज, दोस्ताना स्वभाव से मेरे परिवार के हर सदस्य का दिल जीत लिया था, हमेशा सभी को स्नेह और अपनापन देते हुए।



आगे उन्होंने लिखा, 'एक सार्वजनिक हस्ती के रूप में, उनकी प्रतिभा, उनकी लोकप्रियता के बावजूद उनका विनम्र स्वभाव, और उनका सार्वभौमिक आकर्षण, इन सब ने उन्हें एक ऐसा अनोखा और अतुलनीय आइकन बना दिया, जिसकी मिसाल शायद ही किसी दिग्गज में मिलती है। फिल्म इंडस्ट्री में उनकी कीर्ति और उपलब्धियां हमेशा याद रखी जाएंगी। मेरी निजी हानि शब्दों से परे है, और जो खालीपन पैदा हुआ है, वह मेरी पूरी जिंदगी के साथ रहेगा। सालों के साथ-सफर के बाद अब मैं सिर्फ अनगिनत यादों के सहारे उन खास पलों को फिर-फिर जिऊंगी। इसके अलावा हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के साथ बिताए कुछ यादगार पलों की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, सालों की साथ-संगत, हमेशा हमारे लिए मौजूद रहे।

## सब्जी में मरी छिपकली मिलने से मचा हड़कंप, युवती की तबीयत बिगड़ी

बाराबंकी, 27 नवम्बर (एजेंसी)। सिविल लाइन चौराहे पर संचालित गुप्ता कचौड़ी भंडार की सब्जी में मरी छिपकली मिली। इस सब्जी को खाने से युवती की हालत बिगड़ गई, जिसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। जानकारी पर पहुंची एफएसडीए की टीम ने सब्जी का नमूना भरकर जांच के लिए भेजा है तथा संचालक को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। सिविल लाइन निवासी केबल कारोबारी अख्तर की पुत्री ने अपने कर्मचारी विनय से दोपहर में कचौड़ी लाने के लिए कहा। जिस पर वह चौराहे पर संचालित धर्मेंद्र की दुकान गुप्ता कचौड़ी भंडार से कचौड़ी लेकर गया था। कचौड़ी खाते समय ही उसकी सब्जी में मरी छिपकली देख युवती की हालत बिगड़ गई, जिसे परिजनों ने आनन-फानन में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराते हुए मामले की शिकायत पुलिस और एफएसडीए के अधिकारियों से की। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सब्जी में मरी छिपकली मिलने की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मौके पर जांच के लिए भेजा गया था सब्जी का नमूना भराकर जांच के लिए भेजा गया है। दुकान संचालक को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया गया है।

# शामली में झूले से गिरने वाले युवक ने तोड़ा दम

शामली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में उस समय कोहराम मच गया, जब झूले से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया। हादसे की खबर जैसे घर तक पहुंची, परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में गुस्से की लहर दौड़

**ठेकेदार सहित चार लोगों पर मामला दर्ज**

गई है। जनपद कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी रोड स्थित कार्गो इवेंट्स मेले में छह दिन पहले झूले से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की देर रात रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई की तहरीर पर मेला ठेकेदार सहित चार लोगों के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। अब युवक की मौत के बाद परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। बताया जाता है कि कैराना कोतवाली क्षेत्र का एक युवक पिछले हफ्ते दोस्तों के साथ मेले में घूमने गया था। मेले में लगे नावनुमा झूले पर बैठने के दौरान अचानक उसका



बोल्ट टूट गया, जिससे युवक ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया था, जहां 6 दिन तक जीवन-मौत से जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया।

# हांगकांग में चिंगारी से भड़की आग ने छीन ली 75 जिंदगियां... 380 करोड़ की परियोजना खाक

हांगकांग, 27 नवंबर (एजेंसी)। हांगकांग के ताई पो इलाके में बुधवार दोपहर लगी भीषण आग ने पूरे शहर को दहला दिया। इस आग से करीब 75 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 70 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। हादसे के बाद से राहत कार्य जारी है। फिलहाल मामले की जांच भी जारी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इमारतों की मरम्मत कार्य में इस्तेमाल किए गए अत्यंत ज्वलनशील स्टायरोफोम ने आग को तेजी से फैलाया। स्टायरोफोम एक तरह का थमाकोल है। ये तेजी से आग पकड़ता है। आत तेजी से भड़कने पर सात इमारतें इसकी चपेट में आ गईं। यह हाल के दशकों में शहर की सबसे भयावह दुर्घटना मानी जा रही है। हालांकि,1948 में लगी भीषण आग अभी भी सबसे घातक रही है, जिसमें एक गोदाम में लगी आग से 176 लोगों की जान गई थी। जांच कर रहे अधिकारियों ने हर फ्लोर की लिफ्ट विंडो के बाहर ज्वलनशील स्टायरोफोम लगे होने की पुष्टि की है। यह सामग्री



# हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं कि प्रदूषण साफ हो जाए : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 27 नवम्बर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए। सीजेआई ने कहा- दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई एक कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तारीख तय की। सीजेआई के साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सोमवार को देखते हैं कि मामले पर हम क्या कर सकते हैं। इससे पहले बुधवार को सीजेआई सूर्य कांत ने एसआईआर मामले पर सुनवाई के दौरान दिल्ली प्रदूषण को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा- मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहलने गया। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई। सीजेआई ने कहा- हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। उन्होंने गंभीर वायु प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई वर्चुअल मोड में शिफ्ट करने की संभावना पर विचार की बात भी कही। सीजेआई ने कहा- 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के वकीलों को इन-पर्सन (आमने-सामने) हियरिंग से बाहर रखने की बात पर विचार किया गया है। फैसला जल्द होगा। दरअसल, इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी थी। इस पर सीजेआई ने कहा- यह दिल्ली के मौसम की वजह से हो रहा है। मैं सिर्फ टहलता हूं। अब यह भी मुश्किल हो रहा है।



# कुलगाम में जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों के घरों पर छापे

कुलगाम, 27 नवम्बर (एजेंसी)। कुलगाम पुलिस ने वीरवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस की टीमों ने जिलेभर में जमात के 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे। इनमें कुलगाम, यारीपोरा और चेहलन जैसे इलाके शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिन में 500 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जमीनी स्तर पर आतंकी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को ध्वस्त करने के निरंतर प्रयासों के तहत जमात-ए-इस्लामी सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर छापे मारे गए। पिछले चार दिनों में कुलगाम पुलिस ने जिले भर में 400 से ज्यादा घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाए हैं, जिनमें ओवर ग्राउंड वर्कर्स जेकेएनओपी से जुड़े संगठनों, पूर्व मुठभेड़ स्थलों और सक्रिय या मारे गए आतंकवादियों के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाया गया है। लगभग 500 लोगों से पूछताछ की गई है जिनमें से कई को निवारक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि हाल ही में की गई छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। आतंकवाद से जुड़े नेटवर्क को और उजागर करने और उसे ध्वस्त करने के लिए कई जमात के सदस्यों से पूछताछ की गई है। अधिकारी ने कहा



कि कुलगाम पुलिस ने आतंकवाद और उसके तंत्र के प्रति अपनी शून्य-सहिष्णुता की नीति दोहराई और संकल्प लिया कि किसी भी तत्व को जिले में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह अभियान एसएसपी अनायत अली चौधरी के निर्देश व डीएसपी मुख्यालय निसार अहमद व एसएचओ कुलगाम सूबेदार अहमद की देखरेख में चलाया गया। उन्होंने कहा, आतंकियों के समर्थकों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, 2 नेशनल गार्ड्स घायल, अफगानिस्तानी हमलावर गिरफ्तार

वाशिंगटन डीसी, 27 नवम्बर (एजेंसी)। अमेरिका में बुधवार को व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स के 2 जवानों को गोली मार दी गई। इस मामले में एक अफगान शरणार्थी को हिरासत में लिया गया है। एफबीआई अधिकारियों के अनुसार, हमले में शामिल संदिग्ध की पहचान 29 साल के रहमानुल्लाह लाकनवाल के तौर पर हुई है। वह अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका आया था। उसने 2024 में शरणार्थी के दर्जे के लिए अप्लाई किया था और उसे अप्रैल 2025 में मंजूरी मिली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे आतंकी घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने अमेरिका में अफगान शरणार्थियों की तुरंत एंट्री रोकने का ऐलान किया है।

# असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध, विधानसभा से विधेयक पारित

गोवाहाटी, 27 नवम्बर (एजेंसी)। असम विधानसभा ने गुरुवार को बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला अहम बिल पास कर राज्य में एक बड़ा कानूनी बदलाव कर दिया। इस बिल के पारित होने के साथ ही बहुविवाह को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और दोषी को अधिकतम 10 साल की सजा हो सकेगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसे महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया और आश्वासन दिया कि अगर वह अगले कार्यकाल में फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। गुरुवार को पारित इस बिल में साफ किया गया है कि यह कानून सभी समुदायों पर लागू होगा। हालांकि, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों और छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। मुख्यमंत्री सरमा ने साफ कहा कि बिल किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है और इसका उद्देश्य सभी समाजों में समानता और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बहस के दौरान सरमा ने कहा कि बहुविवाह सिर्फ मुस्लिम समाज तक सीमित नहीं है, हिंदू समाज में भी ऐसे मामले मिलते हैं और कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा। उन्होंने कहा कि इसे इस्लाम-विरोधी बिल बताने वाली धारणाएं गलत हैं। सीएम ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे संशोधन प्रस्ताव वापस लें ताकि पूरा सदन एकमत होकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए मजबूत संदेश दे सके।

## शेष : पटाखा बुलेट चलाना बंद करो भाई, दस हजार की शामत आई

अंतर्गत जनपद के सभी थाना प्रभारियों द्वारा प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील मार्गों एवं रात्रि के समय विशेष चेकिंग की जा रही है। गुरुवार को सिविल लाइन पुलिस ने फिर ऐसी बाइकों को घेरा। गुरुवार को पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत मोटरसाईकिलों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए मॉडिफाइड सायलेंसर पटाखे जैसी तेज ध्वनि करने वाली तीन बुलेट मोटरसाईकिलों को सीज किया गया व मॉडिफाइड सायलेंसर लगी 2 मोटरसाईकिलों का चालान किया गया। सीज की गयी मोटरसाईकिलों में बुलेट मोटरसाईकल रजिस्ट्रेशन संख्या- एचआर 02 एएल 8416, बुलेट मोटरसाईकिल - यूपी 12 एएल 0270 तथा बुलेट मोटरसाईकिल - यूपी 15 सीक्यू 4888 शामिल हैं। इन तीनों बाइकों पर दस-दस हजार का जुर्माना किया गया है। चालान की गयी मोटरसाईकिलों में बुलेट मोटर साईकिल रजिस्ट्रेशन संख्या- यूपी 12 बीडब्ल्यू 6952 तथा बुलेट मोटर साईकिल रजि सं0- यूके 08 एक्यू 6759 शामिल हैं। इन पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

दूसरी ओर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा पटाखा फोड़ने वाली एक बुलट को सीज करने की कार्यवाही की गई है। पुलिस ने उत्तरी रामपुरी में एक बुलेट सवार युवक द्वारा पटाखे फोड़ने का विडियो वायरल होने के बाद कार्यवाही करते हुये उक्त बुलेट संख्या यूपी 12 एएन 7444 को सीज किया गया है। बुधवार को भी पुलिस ने एक बाइक को सीज कर उस पर 17 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि यह अभियान सम्पूर्ण जनपद में लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं दूसरों की शांति व सुरक्षा का ध्यान रखें। अवैध साइलेंसर लगाने या पटाखेदार आवाज उत्पन्न करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।